हरिभूमि
रायपुर भूमि








## हॉकी स्टेडियम में बदली सभी टूटी कुर्सियां, मेंटेनेंस से लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में दर्शकों के लिए नई रंगीन कुर्सियां लगाई गई हैं, जिससे स्टेडियम की रौनक फिर से लौट आई है। इससे पहले, स्टेडियम में लगी लगभग 80 प्रतिशत कुर्सियों की हालत धूप और बारिश के बाद खराब हो गई और सब टूट गई थीं, जिससे दर्शकों और टीम से जुड़े लोगों को खड़े होकर मैच देखना पड़ता था। हरिभूमि ने 5 जनवरी को 'ऐसे में ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रंगीन कुर्सियों और मेंटेनेंस से स्टेडियम को मिला नया लुक

### स्टेडियम के चारों ओर भी सफाई

हॉकी स्टेडियम मेंटेनेंस अभाव में खराब होने लगा था। विभाग ने नई कुर्सियों के साथ स्टेडियम के चारों तरफ सफाई-सफाई भी करवाई गई है। बता दें स्टेडियम का मेंटेनेंस कार्य केवल टर्फ में उगने वाली घास को हटाने तक सीमित हो गया था। यही वजह है कि मैदान को छोड़कर स्टेडियम के चारों तरफ लंबी घास उग आई थी। इसे साफ करने का कार्य लंबे समय तक ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा नकदी-जेवर किए पार

**रायपुर।** जीएडी कालोनी कचना स्थित सूने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। घटना की रिपोर्ट खम्हारडीह थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थी नरसिंह ठाकुर ने पुलिस को बताया कि उसका परिवार 3 मई से लेकर 12 मई की शाम 4 बजे तक बाहर गया हुआ था। घर पर ताला लगा था। उसका परिवार वापस लौटा तो दरवाजा पर लगे ताले के साथ आलमारी का लॉकर टूटा पाया। अज्ञात चोर उसके घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 1 लाख 85 हजार रुपए तथा करीब 50 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### दो वाहन चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी मिथुन उइके निवासी ग्राम चटौद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 10 मई को शाम 7.30 बजे घर के बाहर अपनी वाहन को लॉक कर खड़ा किया था, जिसे कोई चोरी कर ले गया। इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच करते हुए बलिराम यादव एवं देवेंद्र देवांगन को गिरफ्तार किया है। दोनों निमोरा थाना धरसींवा के निवासी हैं।

नरैया तालाब सौंदर्यीकरण के लिए एक साल पहले जोन से कराए थे 40 लाख के कार्य

## तालाब में डूब गए 40 लाख, पाथ-वे बनाया और अब टॉय ट्रेन के लिए उखाड़ा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा के सिद्धार्थ चौक स्थित नरैया तालाब में सौंदर्यीकरण के नाम पर 40 लाख रुपये स्वाहा हो गये। तालाब के परिक्रमा पथ पर लगाई गई लाइटें बंद पड़ी हैं। सांझ ढलते ही यहां अंधेरा छाने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं लोगों के आने जाने के लिए नगर निगम ने नए पेवर ब्लाक लगाकर पाथवे बनाया था, उसी पाथवे के पेवर ब्लाक को उखाड़ा जा रहा है, जबकि तालाब के चारों ओर बनाये गये पाथवे का उपयोग लोग सुबह-शाम वॉक करने के लिए करते हैं। उस जगह पर टॉय ट्रेन चलाने पटरी बिछेगी। रंगीन तितलियों को आकर्षित करने बटर फ्लाई पार्क बनाने 1 करोड़ रुपये खर्च होगा, ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रायपुर की एजेंसी ने शुरू कर दिया काम

### अब दोबारा 1 करोड़ का प्रोजेक्ट ला रहा निगम, बटरफ्लाई पार्क, टॉय ट्रेन, जंपिंग जुंबा




**जलकुंभी हटाने में 18 लाख हुए थे खर्च**

दो साल पूर्व नरैया तालाब और सरजूबांधा तालाब से जलकुंभी हटाने और तालाब गहरीकरण कार्य के लिए नगर निगम जोन 6 ने 18 लाख रुपये का टेंडर निकाला। जोन स्तर पर इसके लिए ठेका एजेंसी तय कर तालाब की सफाई और गहरीकरण कराने में यह राशि खर्च की गयी। इसके बाद भी न तालाब की दशा सुधरी न ही तालाब का जलस्तर बढ़ पाया।

### अब 1 करोड़ में बटर फ्लाई पार्क, टॉय ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम

तीन पार्ट में विस्तारित नरैया तालाब का पहला हिस्सा मुख्य मार्ग से लगा हुआ है, जिसका उपयोग लोग निस्तारी के लिए कर रहे हैं। उस हिस्से में पानी भरा हुआ है, जबकि इसी से लगे दूसरे तालाब जिसका एक हिस्सा जलकुंभी और जलीय वनस्पति से भरा पड़ा है। उसके चारों ओर बनाये गये पाथवे के पेवर ब्लाक उखाड़ने का काम इन दिनों चल रहा है। ठेका एजेंसी के मजदूर साल भर पहले लगाये गये पेवर ब्लाक निकालकर उस हिस्से को समतल कर टॉय ट्रेन चलाने लायक तैयार किया जा रहा है। तालाब से लगे हिस्से में जहां का पानी सूख ▶▶|शेष पेज 13 पर

मानव अधिकार आयोग की आपत्ति के बाद कचरा साफ

## मेडिकल वेस्ट उठाने वाली कंपनी और ननि को अस्पताल का नोटिस

- मेडिकल वेस्ट डंप करने उपयुक्त स्थान की तलाश में जुटा डीकेएस
- संबंधित जगह पर न्यूरो सर्जरी विभाग का एक्सटेंशन है प्रस्तावित


डीके हास्पिटल के मेडिकल वेस्ट से मानव अधिकार आयोग तंग, खुले में फेंके जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानव अधिकार आयोग की आपत्ति के बाद कार्यालय के सामने खुले में फेंका गया मेडिकल वेस्ट और कचरा साफ हो गया है। इस मामले में मेडिकल वेस्ट उठाने वाली कंपनी और नगर-निगम को जिम्मेदार मानते हुए डीके हास्पिटल प्रबंधन ने नोटिस भेजा है।

आपत्ति के बाद अस्पताल प्रबंधन मेडिकल वेस्ट डंप करने उपयुक्त स्थान की तलाश कर रहा है। जिस स्थान पर कचरा और मेडिकल वेस्ट फेंके जा रहे थे, वहां पर अस्पताल स्टाफ का आवास और न्यूरो सर्जरी विभाग का एक्सटेंशन प्रस्तावित है। डीके अस्पताल की खाली जमीन है, जहां काले पॉलिथीन में बंधे ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दो साल पहले भी हुई थी आपत्ति

दो साल पहले नगर-निगम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों से उठाया जाने वाला कचरा इस स्थान पर डंप किया जा रहा है। बारिश के मौसम में वहां से उठने वाली सड़ांध की वजह से आने वाली आपत्ति के बाद अस्पताल प्रबंधन ने स्वयं वहां पहुंचकर विरोध दर्ज कराया था। विवाद की स्थिति के बाद वहां से कचरा उठाया गया था। इस बार अस्पताल का कचरा ही वहां डंप होने लगा था।



# शिक्षा भूमि

CONGRATULATIONS!















## सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

2025 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हो चुका है और इस गौरवपूर्ण अवसर पर हम उन सभी विद्यार्थियों को दिल से बधाई देते हैं, जिन्होंने अथक परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर सफलता प्राप्त की है। यह परिणाम केवल अंकों का खेल नहीं है, यह उन अनगिनत जागी हुई रातों, सीमित संसाधनों में की गई पढ़ाई, माता-पिता की प्रार्थनाओं, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के सपनों का प्रमाण है।10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएँ किसी भी विद्यार्थी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती हैं। ये न केवल उनके ज्ञान का मूल्यांकन करती हैं, बल्कि उनके धैर्य, मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास की भी परीक्षा लेती हैं। इस परीक्षा में सफल होना अपने आप में एक उपलब्धि है — और वह भी तब, जब दुनिया इतनी तेजी से बदल रही है और प्रतियोगिता हर क्षेत्र में बढ़ रही है।

### यह सफलता केवल विद्यार्थियों की नहीं है...

इस सफलता में योगदान उन माता-पिता का भी है, जिन्होंने बच्चों की हर जरूरत में उनका साथ दिया। कभी खुद की इच्छाओं को दबाकर, तो कभी अपने सपनों को बच्चों के सपनों में बदलकर। जिन्होंने हर कठिन घड़ी में बच्चों का मनोबल बढ़ाया, उनकी आँखों से आँसू पोंछे और हर बार कहा – तुम कर सकते हो बेटा/बेटी। हम उन शिक्षकों को भी नमन करते हैं, जिन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन, हर माध्यम से बच्चों को ज्ञान दिया। जिन्होंने न सिर्फ विषयों की पढ़ाई कराई, बल्कि बच्चों को जीवन के संघर्षों के लिए भी तैयार किया। आज जब परिणाम आए हैं, तो हर शिक्षक की आँखों में गर्व और चेहरे पर मुस्कान है — क्योंकि उनका छात्र आगे बढ़ा है।

### हर अंक एक कहानी है...

किसी को 90% से ऊपर अंक मिले हैं, तो किसी ने 60% में भी अपने संघर्ष की जीत दर्ज की है। यह ज़रूरी नहीं कि सिर्फ टॉपर्स ही प्रशंसा के पात्र हों — असली बधाई तो उन्हें मिलनी चाहिए जिन्होंने हालात से लड़कर, सीमित संसाधनों में पढ़ाई कर सफलता पाई। जिन्होंने यह साबित किया कि नंबर से ज़्यादा ज़रूरी है — मेहनत, हिम्मत और जज़्बा।यह वक्त तुलना करने का नहीं है। यह वक्त है एक-दूसरे की उपलब्धियों का सम्मान करने का, और हर विद्यार्थी को यह महसूस कराने का कि वह विशेष है, वह काबिल है और उसका भविष्य उज्ज्वल है।

### 10वीं और 12वीं – नई दिशा की शुरुआत

10वीं की परीक्षा पास करने के बाद विद्यार्थी अपने पसंदीदा विषयों को चुनते हैं, जो उनके भविष्य की नींव रखते हैं। वहीं 12वीं के बाद विद्यार्थियों के जीवन में नए रास्ते खुलते हैं — कॉलेज, प्रतियोगी परीक्षाएँ, करियर के विकल्प — और यह वह समय होता है जब सही निर्णय और सकारात्मक सोच सबसे ज़्यादा ज़रूरी होती है।इसलिए हम सभी विद्यार्थियों से कहना चाहते हैं – यह अंत नहीं, एक नई शुरुआत है। चाहे आपके अंक जितने भी आए हों, यह तय नहीं करते कि आप जीवन में क्या बनेंगे। यह सिर्फ एक पड़ाव है, एक मोड़ है — आगे की यात्रा आपके हाथ में है।

### अपने सपनों को ऊँचाई दो...

आज के छात्र ही आने वाले कल के डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, लेखक, कलाकार, नेता और शिक्षक बनेंगे। इसलिए अपने सपनों को ज़िंदा रखिए, अपने प्रयासों को जारी रखिए और खुद पर विश्वास बनाए रखिए।

आपको अपने भविष्य से डरने की जरूरत नहीं, अगर आपने आज ईमानदारी से मेहनत की है

### संदेश उन छात्रों के लिए जो थोड़े से पीछे रह गए...

यदि इस बार परिणाम आपकी उम्मीदों के अनुसार नहीं आया, तो घबराइए मत। याद रखिए, असली सफलता वही है जो बार-बार गिरने के बाद भी उठने में छुपी होती है। ज़िंदगी एक लंबी दौड़ है, और इसमें हार-जीत सिर्फ एक पड़ाव है। आपके अंदर वो क्षमता है जो आपको किसी भी मुकाम तक ले जा सकती है — बस भरोसा रखिए, मेहनत कीजिए और फिर देखिए कमाल।अंत में...हर छात्र अपने आप में एक सितारा है। कोई अभी चमक रहा है, तो कोई थोड़ी तैयारी के बाद और ज्यादा तेज़ चमकेगा। फर्क सिर्फ समय का है। आप सभी पर हमें गर्व है। आप सबका भविष्य उज्ज्वल, सुरक्षित और शानदार हो ।
















# घायल को भर्ती करने से किया इंकार, आंबेडकर अस्पताल की डाक्टर को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सिपाही से दुर्व्यवहार का आरोप

रोड एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल मरीज को सीधे भर्ती से इनकार करने वाली आंबेडकर अस्पताल की चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। शिकायत की गई है कि गंभीर मरीज का उपचार करने के बजाए उसे पहले स्वास्थ्य केंद्र से रेफर कराकर लाने के लिए सिपाही से दुर्व्यवहार किया। थाने से सीएमएचओ फिर अस्पताल अधीक्षक तक पहुंची शिकायत के बाद महिला डाक्टर को नोटिस थमाया गया है।

## मरीज हेल्थ सेंटर से रेफर कराकर लाने बनाया दबाव

### महिला चिकित्सक से मांगा जवाब

महिला चिकित्सक के आक्रोश के बाद सिपाही उसे पुनः गुढ़ियारी के अस्पताल ले गया और वहां जांच और प्राथमिक उपचार के बाद आंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसे भर्ती किया गया है। सिपाही रविकांत कोसले ने इसकी शिकायत थाना प्रभारी से की और तर्क दिया कि इलाज में होने वाली देर मरीज की मौत कारण भी बन सकता था। थाना प्रभारी की ओर से शिकायत सीएमएचओ तक पहुंची और वहां से मामले की जानकारी आंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक को दी गई। चिकित्सा अधीक्षक ने नोटिस जारी कर महिला चिकित्सक से इस मामले में जवाब मांगा है।



### बनाया गया था सिस्टम

जानकारी के अनुसार मरीजों के इलाज के लिए तय की गई गाइडलाइन के अनुसार किसी एमएलसी मामले में मरीज को उपचार के लिए पहले निचले स्तर के स्वास्थ्य केंद्र फिर हालत गंभीर होने पर रेफरल प्रक्रिया पूरी कर बड़े अस्पताल तक ले जाना है। सामान्यतः सीधे तौर पर मरीजों को आंबेडकर अस्पताल लाने पर इमरजेंसी विभाग में विवाद की स्थिति बनती रहती है। कुछ साल पहले विभागीय स्तर पर एमएलसी केस का आंबेडकर और जिला अस्पताल में दबाव कम करने किये गए एमएलसी मामलों में क्षेत्र विभाजन की व्यवस्था अब ठप हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी थाने में पदस्थ पुलिस कर्मी 30 अप्रैल को डायल 112 में ड्यूटी कर रहा था। ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति को लेकर वह इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचा था। व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोट थी, जिससे वह लहूलुहान हालत में था। बताया जाता है कि उस दौरान केजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर के रूप में महिला चिकित्सक डा. रश्मि अग्रवाल ड्यूटी कर रही थीं। शिकायत में बताया गया है कि महिला चिकित्सक सिपाही पर भड़क गईं और मरीज को पहले निचले हेल्थ सेंटर ले जाने और वहां से रेफर होने पर आंबेडकर अस्पताल लाने के लिये दुर्व्यवहार करने लगीं।

## खबर संक्षेप



### झेरिया साहू समाज के भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

**रायपुर**। वार्ड क्रमांक 54 के अंतर्गत बोरियाखुर्द-कांदुल रोड पर मंगलवार को झेरिया साहू समाज के लिए भवन निर्माण के लिए रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू और पूर्व विधायक नंदकुमार साहू ने भूमिपूजन किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दीनदयाल साहू ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू, पार्षद सुषमा तिलक साहू, तिलक साहू, विनय साहू, श्रीराम साहू, भोला साहू, अग्रेस साहू, भुनेश्वर साहू, गिरधर साहू, लक्ष्मण साहू, मंजूलता साहू, गौतम साहू, महेंद्र साहू सहित साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## निधन

### जानकी साहू



**रायपुर**। सेजबहार निवासी जानकी साहू (72) का निधन हो गया। वे छगन, लक्ष्मण साहू की माता थीं।

# राशन दुकानों में तीन साल के स्टॉक का भौतिक सत्यापन

## विधानसभा समिति की बैठक में 15 को रिपोर्ट होगी पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में संचालित उचित मूल्य की दुकानों द्वारा पिछले तीन साल में वितरित किए गए चावल की मात्रा, बचत स्टॉक सहित दुकानों के खिलाफ की गई कार्रवाई की सारी जानकारियों की रिपोर्ट 15 मई को विधानसभा जांच समिति की बैठक में पेश होगी।

इस रिपोर्ट के आधार पर समिति पीडीएस चावल घोटाले की जांच करेगी। विधानसभा समिति ने वर्ष 2022 में हुए पीडीएस चावल घोटाले के मद्देनजर प्रदेशभर में संचालित उचित मूल्य की दुकानों के तीन साल का भौतिक सत्यापन का डाटा मांगा है। यह डाटा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने मांगा है, जिसकी फाइनल रिपोर्ट आज शाम तक समिति को उपलब्ध कराया जाना है।

**समिति ने पत्र जारी कर मांगी थी जानकारी** : प्रदेश में हुए 219 करोड़ रुपये के राशन चावल घोटाले की जांच के लिए विधानसभा जांच समिति को जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए समिति ने खाद्य संचालनालय को 29 अप्रैल 2025 को पत्र लिखा है। इस पत्र में वर्ष 2022, 2023 तथा 2024 में प्रदेश की सभी राशन दुकानों में कराए गए भौतिक सत्यापन में चावल वितरण, बचत तथा गड़बड़ी मिलने पर की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी है। यह जानकारी जिलेवार मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार इस पत्र के तहत लगभग सभी जिलों से राशन दुकानों के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट तैयार कर संचालनालय को भेजी जा चुकी है। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि कुछेक जिलों की रिपोर्ट संचालनालय को मिली नहीं है। शेष जिलों की रिपोर्ट भी बुधवार तक पहुंचने की संभावना है, क्योंकि 15 मई को विधानसभा जांच समिति की बैठक प्रस्तावित है, जिसमें किसी भी हालत में विभाग को रिपोर्ट पेश करना है।



### आधार लिंक के कारण मौके पर सत्यापन

विभाग ने इस बार जांच में बड़ा बदलाव किया है। विभाग के फूड इंस्पेक्टर की उपस्थिति को राशन दुकानों से आधार के माध्यम से जोड़ा गया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि निरीक्षण वास्तव में मौके पर जाकर किया गया है। इससे पूर्व बिना दुकान पहुंचे ही सत्यापन दर्ज करा लिया जाता था।

### 2022 में भी हुआ था 48 लाख मीट्रिक टन चावल गड़बड़ी का खुलासा

सूत्रों के अनुसार 2022 में प्रदेशभर में राशन दुकानों से 48 लाख मीट्रिक टन चावल गायब होने का खुलासा हुआ था। इस घोटाले को दबाने के लिए इसमें संलिप्त जिम्मेदार लोगों ने न केवल तकनीकी त्रुटि का बहाना बनाया था, बल्कि बिना कानूनी प्रक्रिया के राजस्व वसूली और बाजार से चावल खरीद कर उसे गोदामों में रखवाया गया था।

### रायपुर जिले में साढ़े 14 हजार क्विंटल चावल की हुई थी गड़बड़ी


रायपुर जिले में भी राशन दुकानों में साढ़े 14 हजार क्विंटल चावल की गड़बड़ी की गई थी। इस गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद विभाग ने जांच कर गड़बड़ी करने वाले राशन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई भी की है। सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई के दौरान कई दुकानों को सस्पेंड कर उनके संचालकों के खिलाफ एफआईआर भी कराया है, वहीं कई दुकानों के खिलाफ आरआरसी जारी किया है। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान गड़बड़ी करने वाले दुकान संचालकों से वसूली कर रिकवरी भी की गई है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर महिला का विवादित बयान, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ सोशल मीडिया में बयानबाजी करने के मामले में रायपुर पुलिस ने एक महिला के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस महिला ने ऑपरेशन सिंदूर कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए देश की सेना और प्रधानमंत्री पर कई तरह की टिप्पणी की है, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया है। देशविरोधी इस टिप्पणी को लेकर कुछ हिन्दू संगठनों ने महिला के खिलाफ सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट को लेकर सिविल लाइन थाने में शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने महिला के खिलाफ कार्रवाई की है।

***इंस्टाग्राम में इस विवादित पोस्ट के बाद लोगों का फूटा गुस्सा*** : रायपुर निवासी लुजिना खान नामक महिला ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर इंस्टाग्राम में पोस्ट किया है। इस पोस्ट में लिखा है कि पहलगाम अटैक बहुत निंदनीय था पर आतंकी आपके घर में घुसे कैसे, चूक आपसे हुई, आतंकवादियों ने टूरिस्ट को मारा, आपके पास उनके स्कैच आए, आप उनका ठिकाना पता करें, फिर उसी जगह अटैक करें। आपके तो रैंडम जगह अटैक कर बूढ़ों को, बच्चों को, उनके मां-बाप को मारा, जिनका पहलगाम अटैक में कोई हाथ नहीं था। ये कौन सा बदला हुआ। इस अटैक में बेकसूर लोग मारे गए हैं। टेम्परी वाह-वाही के लिए मासूम बच्चों का कत्ल करने वालों को हम हीरो नहीं मानते। हम अपने फायदे के लिए की गई गंदी सियासत के साथ नहीं हैं। यह कोई इंसाफ नहीं है।




### रामभक्त सेना के अध्यक्ष की रिपोर्ट पर कार्रवाई

रामभक्त सेना के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम केवलानी ने इस विवादित पोस्ट को देशविरोधी बताते हुए पोस्ट करने वाली महिला के खिलाफ थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस रिपोर्ट में उन्होंने लिखा है कि पहलगाम की घटना हर एक भारतीय को झकझोर देने वाली घटना है, उसी की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर है जो देश के हर एक नागरिक के लिए गौरावन्ति करने वाली है। इस कार्रवाई के खिलाफ बयानबाजी कर लुजिना खान ने देश की सेना एवं प्रधानमंत्री के खिलाफ आवाम को भड़काने का प्रयास किया है। सेना के पराक्रम को वाहवाही लूटने का नाम दे रही थी। उन्होंने शिकायत में महिला के खिलाफ राष्ट्रद्रोह के तहत कार्रवाई करने की मांग की है।

# ढाबों में निगम के स्वास्थ्य विभाग ने दी दबिश, ढाबा किया सील

**रायपुर**। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य महकमे ने मंगलवार को शहर के आउटर में स्थित लभांडी के ढाबों में दबिश दी। इस दौरान जांच में ढाबों में सफाई को लेकर भारी अव्यवस्था देखने को मिली। पता चला कि शाकाहारी और मांसाहारी खाना बनाने एक ही बर्तन का इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं सिंघम रेस्टोरेंट ढाबा में फफूंद लगे हुये खाद्य पदार्थ पाये गये। इसे जन स्वास्थ्य के हिसाब से भारी लापरवाही मानते हुए टीम ने सिंघम रेस्टोरेंट-ढाबा को सील कर दिया।



स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को औचक निरीक्षण के दौरान ढाबों में मिले पुराना चिकन और खाद्य पदार्थ को देखते हुए 5 ढाबा संचालकों पर 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही जांच के बाद ढाबों में इस्तेमाल किये जा रहे 55 गैस सिलेंडर को जब्त किया। नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि निगम के स्वास्थ्य विभाग, खाद्य शाखा और नगर निवेश की संयुक्त टीम ने नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित अलग-अलग ढाबा-हॉटलों में सफाई व्यवस्था की धरातल पर जांच करने निरीक्षण किया। इस दौरान 5 ढाबों में सफाई को लेकर कोताही पाये जाने पर 70 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गयी।

## पेज 11 के शेष ...

### हॉकी स्टेडियम में बदली...

कैसे हिट होगी हॉकी...खिलाड़ियों के लिए मैदान लेकिन दर्शकों के लिए कुर्सी ही गायब' शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने महीनेभर के भीतर टेंडर जारी कर कुर्सियों को बदलने का कार्य शुरू किया। नई कुर्सियों के साथ-साथ स्टेडियम में मेंटेनेंस का कार्य भी किया गया है। लाल, नीले और हरे रंगों की इन कुर्सियों ने स्टेडियम को एक नया रूप दिया है, जिससे दर्शकों के बैठने की सुविधा में सुधार हुआ है और स्टेडियम की सुंदरता भी बढ़ी है। हॉकी ने दोनों स्टेडियम के कुर्सियों को पूरी तरह से बदल दिया गया है। ***भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो चुकी है टेस्ट सीरीज*** : स्टेडियम में 2015 में ही हॉकी वर्ल्ड लीग मैच का आयोजन किया गया था। इसके बाद से आज तक यहां पर एक भी मैच का आयोजन नहीं किया गया है। स्टेडियम के उद्घाटन के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई थी। वर्ल्ड हॉकी लीग में 8 टीमों के बीच मुकाबला हुआ था। इसमें भारत, बेल्जियम, नीदरलैंड, जर्मनी, अर्जेंटीना, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन की टीम यहां आई थी। इसके बाद से एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं हुए है। विभाग की ओर सभी बड़े आयोजन को लेकर कोई प्रयास नहीं किया है। मैच कम होने से विभाग ने मेंटेनेंस कार्य करने पर भी ध्यान देना भी बंद कर दिया था। इस वजह से मैदान की सुविधाएं जर्जर हो चुकी थी।

### स्टेडियम के चारों...

नहीं किया था। बता दें कि निर्माण के वक्त इस हॉकी स्टेडियम के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी एजेंसी को दी गई थी तीन साल बाद ही इसका टेंडर खत्म हो गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद नए टेंडर के जरिए मेंटनेंस का कार्य किया गया। मेंटेनेंस कार्य कर स्टेडियम की जर्जर स्थिति को सुधार लिया गया है।

### तालाब में डूब गए...

जबकि तालाब का एक हिस्सा पूरी तरह सूख चुका है। बाकी के हिस्से में जलकुंभी की भरमार है। वहीं दलदली में गाद की मोटी परत दिखने लगी है। रायपुर स्मार्ट सिटी और नगर निगम ने पहले 3 साल में 36 करोड़ बूढ़ातालाब में सौंदर्यीकरण के नाम पर डुबा दिये। अब वही प्रयोग टिकरापारा के सिद्धार्थ चौक स्थित नरैया तालाब में किया जा रहा है। नरैया तालाब में पहुंचने वाले गंदे पानी को साफ करने 3 करोड़ 78 लाख की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने रायपुर स्मार्ट सिटी ने 3 साल पहले पुणे की समृद्धि एजेंसी को ठेका दिया। अनुबंधित एजेंसी आज तक यह काम पूरा नहीं करा पायी। सूत्रों के मुताबिक आधे-अधूरे काम होने के बाद भी संबंधित एजेंसी को 1 करोड़ से ज्यादा की राशि का भुगतान किया जा चुका है। एसटीपी का काम अधूरा होने से नरैया तालाब से लगे 2 अन्य तालाब सूखने लगे हैं, जबकि दावा ये किया कि एसटीपी से गंदे पानी को साफ कर इन तालाबों में वापस छोड़ा जायेगा।

### अब 1 करोड़ में...

गया है, वहां योग करने शेड बनकर तैयार है। एक करोड़ खर्च कर नगर निगम अब यहां रंगीन तितलियों को रिझाने बटर फ्लाई पार्क बनवा रहा है। यही नहीं, नरैया तालाब के चारों ओर टॉय ट्रेन चलाने की तैयारी है, इसके लिए अलग से टिकट घर बनेगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, नरैया तालाब को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित कर रहे हैं। वहां जुंबा डांस, उछलकूद करने जंपिंग-वंपिंग एरिया बनेगा। योग करने वालों के लिए शेड रहेगा।

### मेडिकल वेस्ट उठाने...

मेडिकल वेस्ट और अन्य कचरा डंप किया जा रहा था। काफी दिनों से कचरा नहीं उठने की वजह दवाइयों के खाली पैकेट, ब्लड लगे कॉटन सहित अन्य सामान बिखरकर सड़क पर आ गए थे। अघोषित रूप से बने इस कचरा घर पर मानव अधिकार आयोग ने आपत्ति जताई थी और अस्पताल प्रबंधन को इसकी सूचना दी थी। आयोग के हस्तक्षेप के बाद एक्शन हुआ और मंगलवार को दोपहर तक वहां जमा तमाम कचरा साफ हो गया है। इसके अलावा संबंधित हिस्से में ब्लीचिंग पावडर डाला गया। दूसरी ओर डीके अस्पताल प्रबंधन ने इस मामले में नगर-निगम और मेडिकल वेस्ट उठाने वाली एसएमएस कंपनी को जिम्मेदार मानते हुए उन्हें नोटिस भेजा है।

इसके अलावा प्रबंधन अस्पताल से निकलने वाले कचरे को डंप करने के लिए कैंपस के आसपास उपयुक्त और सुरक्षित जगह की तलाश कर रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कचरा जहां डंप किया जा रहा था, वह जमीन डीके अस्पताल की है और वहां स्टाफ के लिए आवास के साथ न्यूरो सर्जरी विभाग के एक्सटेंशन के लिए निर्माण प्रस्तावित है। शासन को इसके लिए प्रस्ताव भेजकर हरी झंडी का इंतजार किया जा रहा है।

### निर्माण जरूरी..

सूत्रों के अनुसार संबंधित जगह पहले भी असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुकी थी। इसके बाद अघोषित कचराघर बन गया है। इस समस्या के समाधान के लिए वहां शीघ्र निर्माण शुरू करने की आवश्यकता है। यह भी तर्क दिया जा रहा है कि अस्पताल के एक्सटेंशन की योजना पर काम नहीं होने पर वहां नगर-निगम द्वारा गार्डन भी बनवाया जा सकता है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

**आम सूचना**

जारी दिनांक- 07.05.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मुजगहन प.ह.न. 82 रा.नि.म.-18 तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक अख्तर हुसैन कपासी पिता श्री असगर अली कपासी निवासी बैरन बाजार रायपुर खसरा नंबर 145/1, 145/5, 145/11, 145/12 रकबा 0.0296 हे., 0.0200 हे., 0.0243 हे., 0.0243 हे. के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25.04.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक 22.05.2025 को 4:30 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है। कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा अथवा आपित्त हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक-18, रायपुर

**कार्यालय रा.नि.मं.-रायपुर-08 शंकरनगर, तहसील-रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

जारी दिनांक.........

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विराजो पति बैजनाथ सानी वगै.निवासी खमतराई रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम कचना प.ह.नं.-43 राजस्व निरीक्षक मंण्डल रायपुर 08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 1109/1 रकबा क्रमशः 0.0121 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक दिनांक 07/05/2025 के परिपालन में दिनांक 22/05/2025 को समय अपरान्ह 12.20 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 43 के स्थित कचना पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-08 (शंकरनगर)

**-: आम सूचना :-**

(मौजा ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 रा.नि.म. रायपुर-14 बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 382/11 रकबा 0.3050 हे. है मे से उक्त खसरा नंबर 382/11 के भाग एवं रकबा 0.0040 हे. याने 10 डीसमील भूमि क्रय करने के संबंध में।)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री रामकृष्ण श्री संतोष कुमार पिता बृजलाल ढीमर टिकरापारा रायपुर तह व जिला रायपुर (छ.ग.) के भूमिस्वामी के हक एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि मौजा ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 रा.नि.म. रायपुर-14 बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 382/11 रकबा 0.3050 हे. है उक्त खसरा नंबर 382/11 के भाग एवं जिसका रकबा 0.0040 हे. याने 10 डीसमील भूमि को क्रय करने हेतु पक्का सौदा तय कर लिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त कृषि भूमि के उक्त खसरा के उपरोक्त भाग को क्रय करने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, वित्तीय, निकाय, अर्द्धशासकीय आदि को उपरोक्त भूमि/संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि भूमि स्वामीगणो को अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक : 13/05/2025

एन.के. पटेल, आशीष तिवारी
(अधिवक्तागण)
हरिभूमि प्रेस के पीछे छत्तीसगढ नगर
टिकरापारा रायपुर छ.ग.
मो.नं.- 094255-10595

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 10**

**//आम सूचना//**

जारी दिनांक 13/05/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुभाष चंद्र सिंह पिता/पति नगई सिंह निवासी मठ पुरैना रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मण्डल- 10 रायपुर मे स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 48/33 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश का दिनांक 09/05/2025 के परिपालन में दिनांक 21/05/2025 को समय 12.00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि मे पटवारी हल्का नम्बर 73 के देवपुरी मे स्थित कार्यालय मे मय दस्तावेज सहित स्वंय अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

(राजस्व निरीक्षक)
रायपुर-10

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2058 दिनांक 07.03.2013 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एम. आई.जी.-I फ्लैट, मीड-तल-06/303 को श्री संतोष कुमार बोरकर पिता श्री सुखराम बोरकर के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 13.03.2015 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री संतोष कुमार बोरकर पिता श्री सुखराम बोरकर निवासीः-सी-03, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, कुल सचिव हाउस के पास, आमानाका, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी पति श्री पुरूषोत्तम सेठी निवासीः-533, आर.डब्लू.एफ इस्ट कॉलोनी, न्यू बस स्टाप, बैंगलोर कर्नाटका-560064 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एम.आई.जी. -I फ्लैट, मीड-तल-06/303 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1017 दिनांक 05.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच. आई.जी-1/349 को (1) श्रीमती सविता धनखड़ पति श्री राजेन्द्र धनखड़ (2) श्रीमती वंदना चौधरी पति श्री अश्वनी चौधरी (3) श्री स्वामी धर्मानन्द सरस्वती पिता श्री स्वामी ओमानंद के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 08.08.2019 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में (1) श्रीमती सविता धनखड़ पति श्री राजेन्द्र धनखड़ (2) श्रीमती वंदना चौधरी पति श्री अश्वनी चौधरी दोनो निवासीः- गरूड़ नगर, गेवरा प्रोजेक्ट, दिपका कोरबा (छ.ग.) (3) श्री स्वामी धर्मानन्द सरस्वती पिता श्री स्वामी ओमानंद निवासीः- गुरूकुल आश्रम, अमसेना, खरियार रोड, नवापारा ओड़िसा के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती मंजुला सिंह पति श्री नवल सिंह निवासीः-एच.आई.जी-02/475, सेक्टर-29, अटल नगर, नवा रायपुर, नवागांव, मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच. आई.जी-1/349 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

## बिजनेस साइट

# मजबूती और ग्रोथ के लिए क्वालिटी में निवेश करें

**रायपुर**। जब हम फोन या कार खरीदने जैसे अपने रोजमर्रा के फैसलों में हाई क्वालिटी को प्राथमिकता देते हैं, तो उम्मीद यह होती है कि ये चीजें न केवल नियमित उपयोग या आदर्श परिस्थितियों में अच्छी तरह से काम करें, बल्कि कठिन परिस्थितियों या प्रतिकूल परिस्थितियों में भी विश्वसनीय हों। उदाहरण के लिए, हम उम्मीद करेंगे कि हाई क्वालिटी वाले फोन की बैटरी अधिक फोन उपयोग के दिन ज्यादा गर्म न हो या हाई क्वालिटी वाली कार का इंजन खड़ी पहाड़ियों पर लंबी दूरी की ड्राइविंग करते समय आपको निराश न करे।

इसी तरह, निवेश करते समय, हाई क्वालिटी वाले बिजनेसेज से न केवल अच्छे समय में स्थिर रिटर्न मिलने की उम्मीद की जा सकती है, बल्कि बाजार के तनाव के समय में भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद की जा सकती है। मार्च 2025 तक, 5 साल के दैनिक रोलिंग रिटर्न के आधार पर, निफ्टी 200 क्वालिटी 30 टोटल रिटर्न इंडेक्स ने निफ्टी 200 टोटल रिटर्न इंडेक्स द्वारा दर्शाए गए व्यापक बाजारों की तुलना में अधिक औसत रिटर्न दिया है, जिसमें कोई नकारात्मक रिटर्न की अवधि नहीं है 2010–11, 2015–2016, 2019-2020 और 2021-2022 के मंदी के बाजारों में, निफ्टी 200 क्वालिटी 30 टोटल रिटर्न इंडेक्स ने गिरावट को बेहतर ढंग से सीमित करके व्यापक बाजारों और वैल्यू, मोमेंटम और अल्फा थीम से बेहतर प्रदर्शन किया।

तो कोई अपेक्षाकृत कम अस्थिरता, हाई रिटर्न प्रोफाइल और इस प्रकार बेहतर जोखिम एडजस्टड रिटर्न वाले क्वालिटी बिजनेसेज की पहचान कैसे कर सकता है? आम तौर पर, प्रोडक्ट, सर्विस, वितरण या ब्रांड क्षेत्रों में एक्सीलेंस या अन्य बिजनेस और साथ ही निवेशित कैपिटल पर हाई रिटर्न, लो फाइनेंशियल लीवरेज, हाई कैश रिजर्व और अच्छा कैपिटल एलोकेशन वाले बिजनेस हाई क्वालिटी वाले होते हैं। वर्तमान भारतीय माहौल के उदाहरणों में एक प्रसिद्ध पेंट कंपनी शामिल है जिसके पास इनोवेटिव प्रोडक्ट, मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और हाई ब्रांड रिकॉल है या एक अग्रणी एयरलाइन है जो समय की पाबंदी, लागत - प्रभावशीलता और फ्यूल एफीशेंसी पर ध्यान केंद्रित करती है।



प्रदीप कुमार वर्मा
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रायपुर

कोई व्यक्ति इक्विटी - ओरिएंटेड म्यूचुअल फंड में निवेश करने पर विचार कर सकता है जो हाई क्वालिटी वाले बिजनेसेज द्वारा प्रदान की जाने वाली स्थिरता, स्थायित्व और मजबूती से लाभ उठाने के लिए क्वालिओ थीम में निवेश करता है। ऐसी ही एक नई फंड ऑफर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल क्वालिटी फंड है, जो क्वालिटी फैक्टर पर केंद्रित एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। यह स्कीम निवेशकों को लंबी अवधि के वेल्थ क्रिएशन के लक्ष्य के साथ आकर्षक / उचित वैल्यूएशन पर उपलब्ध हाई क्वालिटी वाले शेयरों के साथ अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने का मौका देती है। न्यू फंड ऑफर ( एनएफओ) 6 मई, 2025 से 20 मई, 2025 तक निवेश के लिए खुला है।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
डॉ. नवनीत जैन
एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन
एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 (छ.ग.), फोन : 0771-2536521, मो.: 9329103589

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 14 मई 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

15

स्मार्ट नवाचार : सोलर एयर प्यूरीफायर ...

## जॉब अलर्ट

### असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 19 मई तक



**रायपुर।** रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 11 मई निर्धारित थी, जिसे अब 19 मई 2025 तक एक्सटेंड कर दिया गया है। ऐसे में जो अभ्यर्थी इस भर्ती में शामिल होना चाहते हैं और अभी तक किसी कारणवश फॉर्म नहीं भर सके हैं, वे जल्द से जल्द फॉर्म भर लें। एप्लिकेशन फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट rrbcdg.gov.in पर जाकर या ऑफिशियल पोर्टल rrbapply.gov.in/#/auth/landing पर भरा जा सकता है। इसके अलावा आप इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करके भी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

#### एएलपी पदों पर आवेदन के लिए पात्रता


असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थियों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10वीं के साथ आईटीआई पास होना अनिवार्य है या उम्मीदवार ने 10वीं के साथ इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया हो। जिन उम्मीदवारों ने इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त की है, वे भी इस भर्ती में आवेदन के लिए पात्र हैं। साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 30 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ऊपरी उम्र में ओबीसी को 3 एवं एससी/ एसटी वर्ग को 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य आरक्षित वर्ग एवं भूतपूर्व सैनिकों भी ऊपरी आयु में नियमानुसार छूट दी गई है।

#### आवेदन फीस

*आवेदन पत्र भरने के साथ केटेगरी वाइज निर्धारित शुल्क जमा करना अनिवार्य है। बिना शुल्क के आपका फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। एप्लिकेशन फीस अन्य सभी वर्ग से आने वाले उम्मीदवारों के लिए 500 रुपए और एससी/ एसटी/ एक्स सर्विसमैन/ ट्रांसजेंडर/ ईबीसी के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपए तय किया गया है।*

## सिटी इवेंट

### 10 हजार आम की गुठलियों का संग्रहण 10 जिलों के 100 ग्रामों में रोपित करें पौधे



**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसाइटी ने पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से अभिनव अभियान की शुरुआत की है। संस्था ने आम जनता से अपील की है कि वे आम की गुठलियों को सुखाकर संग्रहित करें और उन्हें संस्था को सौंपें, ताकि इनसे आम के पौधे विकसित किए जा सकें। इस पहल का लक्ष्य 10000 बीजों का संग्रहण है, जिन्हें छत्तीसगढ़ के 10 जिलों के 100 ग्रामों में रोपित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी और सचिव निर्भय धाड़ीवाल के अनुसार, पेड़ों की अवैध कटाई और वृक्षारोपण की कमी के कारण पर्यावरण असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे मौसम में असमय बदलाव और प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। इस अभियान के माध्यम से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण भी होगा।

#### पौधों को नर्सरी में तैयार किया जाएगा

संग्रहित गुठलियों से विकसित पौधों को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और एनजीओ के सहयोग से नर्सरी में तैयार किया जाएगा। इसके बाद इन पौधों को चयनित ग्रामों में रोपित किया जाएगा, जहां उनका संरक्षण और देखभाल सुनिश्चित की जाएगी। संस्था ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और आम की गुठलियों को सुखाकर 88175 46661 संपर्क नंबर पर जानकारी दें।

### रिंग फाइट अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शहर के खिलाड़ी होंगे शामिल



**रायपुर।** इस वर्ष हैदराबाद शहर में इंटरनेशनल रिंग फाइट चैम्पियनशिप का भव्य आयोजित किया जा रहा है, जहां छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के खिलाड़ी भी हिस्सा लेने जा रहे हैं। महाराष्ट्र मंडल के सदस्य ओपी कटारिया ने बताया कि चैम्पियनशिप की तैयारी जोरों पर है, जहां रोजाना खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस वर्ष संत ज्ञानेश्वर विद्यालय परिसर में रिंग फाइट शिविर का आयोजन किया गया है, जो 22 मई तक चलेगा। शिविर के अंतिम दिन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन इंटरनेशनल चैम्पियनशिप के लिए किया जाएगा, जिन्हें इंटरनेशनल लेवल पर खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा।

#### प्रतियोगिता के लिए एड़ी-चोटी का जोर


रिंग फाइट का खेल तीन राउंड में होगा, पहला राउंड रस्सा खींच का रहेगा। इसमें केवल 15-20 सेकंड में खिलाड़ी को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा, दूसरा राउंड पंचेस फाइट का होता है, इसे दो मिनट के भीतर समाप्त करना होगा। खेल में खिलाड़ी की फुर्ती और तेज बुद्धि का होना जरूरी है। ट्रेनिंग कैंप के एसोसिएशन अध्यक्ष चेतन गोविंद दंडवते ने बताया कि इंटरनेश्नल प्रतियोगिता 23 मई से 26 मई तक संचालित की जा रही हे, जिसमें विश्वभर के 10 से अधिक देशों के खिलाड़ी शामिल रहेंगे। शानदार प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों का सम्मान भी संस्थान द्वारा किया जाएगा।

## सीबीएसई में लड़कियों का दबदबा, कई स्कूलों का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

# उड़ान के लिए अब खुला आसमां...

रायपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। बोर्ड ने मेरिट सूची जारी नहीं की, पर आंकड़े बता रहे हैं कि यहां 12वीं कक्षा में प्रगति अग्रवाल ने 98.5 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया, वहीं 10वीं में डीपीएस रायपुर के छात्र शिवांश पोद्दार ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। राजधानी के विभिन्न स्कूलों का परिणाम इस बार शत-प्रतिशत रहा है। हरिभूमि ने टॉपर स्टूडेंट्स से उनकी सफलता के मूलमंत्र को लेकर चर्चा की।

### कोलंबिया ग्लोबल स्कूल को शत-प्रतिशत सफलता

कोलंबिया ग्लोबल स्कूल ने सीबीएसई की 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम की है। संस्थान के विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 10वीं से आयुष मीना 97.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं से पलक अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल रहीं।

### द ग्रेट इंडिया स्कूल का सीबीएसई बोर्ड में शत-प्रतिशत परिणाम

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में ग्रेट इंडिया स्कूल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का प्रमाण देते हुए विज्ञान एवं वाणिज्य दोनों संकायों में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। बारहवीं के परिणाम में स्कूल कैप्टन एवं मेधावी छात्र प्रभजोत सिंह चीमा ने 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही अंशु द्विवेदी ने द्वितीय तथा रोशनी चंद्राकर और विवेक वर्मा ने सयुंक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के परिणाम में निदेश टंडन ने प्रथम स्थान हासिल किया एवं माधव केडिया एवं पारुल साहू ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक आचार्य सुरेंद्र प्रताप सिंह तथा प्राचार्या रश्मि बोड़े व मुख्य प्रशासक कर्नल रविंद्र वर्मा (रिटायर्ड) ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### शिवांश इंटरनेशनल स्कूल का शानदार प्रदर्शन




शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों में बेहतरीन परिणाम दिए। कक्षा 10वीं में गौरी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। श्रुति ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और मानसी नाहटा ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में मैथ्स ग्रुप में आरिफा ने 83.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। बायोलॉजी ग्रुप में अंश भोंसले ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान हासिल किया। कॉमर्स ग्रुप में वर्षा ने 85.60 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पाया।

### आदर्श विद्यालय मोवा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

आदर्श विद्यालय मोवा ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को सिद्ध करते हुए ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में 100 उत्तीर्ण परिणाम प्राप्त किया है। कुल 15 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 45 छात्रों ने 80% से अधिक अंक हासिल किए। कॉमर्स संकाय में शिव हेमा और अंजलि बच्वानी ने 95.2% अंकों के साथ टॉप किया। प्राची बच्वानी 94%, निधि दरूड़कर सोनी 93.4%, भूमिका वर्मा 93.6%, मधुलिका कुंडू 92.8%, मुस्कान बघेले ने 91.6% के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### डीपीएस ने बोर्ड परीक्षाओं में प्राप्त किए सर्वाधिक अंक

दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2024-25 की कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की ऐश्वर्या नेभवानी ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महक वासवानी ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय मे द्धितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष शिवांश पोद्दार ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। विद्यालय के कुल 31 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, वहीं 64 प्रतिशत छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

### होलीक्रॉस स्कूल की टॉपर बनीं प्रज्ञा



होलीक्रॉस हायर सेकेंडरी स्कूल पेंशनबाड़ा की छात्रा प्रज्ञा तेमभेकर ने सीबीएसई बारहवीं की परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया है। अपनी मेहनत से सफलता अर्जित करने पर उत्साहित प्रज्ञा ने बताया कि वह रोजाना 4 घंटे पढ़ाई करती हैं, सभी विषयों की रेगुलर रिवीजन करती हैं, क्लासरूम हो या घर, पढ़ाई पूरा फोकस करती हैं। मेरे पिता पोस्टल एजेंट का काम करते हैं। मम्मी प्राइवेट स्कूल की टीचर हैं। मैं आगे एमबीए की पढ़ाई करना चाहती हूं।

### छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं में मानसी शर्मा प्रथम स्थान पर



छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल टाटीबंध ने एक बार फिर सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं में मानसी शर्मा ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसके अलावा आयुषी शुक्ला ने 95.4 प्रतिशत, गीतिका साहू ने 95.2 प्रतिशत, निकिता ने 95 प्रतिशत, चैतन्य शुक्ला ने 94.6 प्रतिशत, आदिति तिवारी और आयुष सिंह ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं में भी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### बीएसएस प्रणवानंद अकादमी ने बिखेरा सफलता का परचम



बीएसएस प्रणवानंद अकादमी ने सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं में तन्मय मिश्रा ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभय दुबे 85 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और नियति कुशवाहा 84.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं उन्नति दास 84.4 प्रतिशत ने चौथा और विनीशा सिहानी वर्मन 83.6 प्रतिशत ने संयुक्त रूप से पांचवां स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में दीपांजन दास ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। ऋतिका सिकरवार ने 90.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अक्षत सेन और संजना सिंह ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया 89.8 प्रतिशत। अन्य उल्लेखनीय विद्यार्थियों में पवन पटेल 88.6 प्रतिशत और नेहल विश्वकर्मा 88.2 प्रतिशत शामिल हैं।

### ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में 96 प्रतिशत सफलता दर




ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी ने सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में 96 प्रतिशत सफलता दर प्राप्त की है। विद्यालय के कुल 189 छात्र-छात्राएं इस वर्ष परीक्षा शामिल हुए। कॉमर्स और साइंस दोनों संकायों में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कॉमर्स संकाय में आर्यन गिरी गोस्वामी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं साइंस संकाय से हर्षकांत ठाकुर और अनन्या चौधरी क्रमशः 95 प्रतिशत और 94 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर रहे।

### केंट इंटरनेशनल स्कूल का रहा 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम




केंट इंटरनेशनल स्कूल झीट ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एक बार फिर उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए कक्षा 10वीं में 100 प्रतिशत और कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र अनिकेत साहू ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन




शांति निकेतन पब्लिक स्कूल से कक्षा 12वीं की सृष्टि प्रजापति ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं साक्षी देवांगन ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा मयंक रामचंदानी ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में कक्षा 10वीं की जागृति शर्मा ने 82.16प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया। सुजल तिवारी 80.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और लक्ष्य अग्रवाल 77.5 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

### जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल को मिली सफलता

जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल रायपुर ने एक बार फिर अपने शानदार शैक्षणिक स्तर को सिद्ध करते हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कक्षा 10वीं में देशना जैन ने 95.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय टॉपर का स्थान प्राप्त किया, वहीं मोहम्मद अदनान मल्कानी ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में इशान्वी दमानी ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि वाणिज्य संकाय में सौम्या जैन ने 93प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### एमएम स्कूल का छठवें साल भी 100 प्रतिशत परिणाम

एमएम स्कूल रायपुर ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लगातार छठवें वर्ष 100 प्रतिशत सफलता दर हासिल की है। प्रबंधन ने कहा कि हम एमएम स्कूल में संकाय और कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए ईमानदारी से आभार व्यक्त करते हैं, जिससे यह उल्लेखनीय परिणाम संभव हो पाया। हमें विश्वास है कि हमारा यह निरंतर प्रयास भविष्य में भी विद्यार्थियों की सफलता सुनिश्चित करता रहेगा।

### राशि को 10वीं में मिले 90 प्रतिशत



देवेंद्र नगर निवासी राशि ठक्कर ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राशि ने बताया कि वे भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती हैं, इसलिए 11वीं में बायोलॉजी विषय लेकर पूरी मेहनत से पढ़ाई करेंगी। उन्होंने कहा कि 10वीं में मिले अच्छे अंकों का श्रेय सालभर की नियमित तैयारी और निरंतर अभ्यास को जाता है।

### शिवोम विद्यापीठ ने फिर रचा इतिहास



शिक्षा, अनुशासन और संस्कार की त्रिवेणी माने जाने वाले शिवोम विद्यापीठ ने एक बार फिर सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। कक्षा 10वीं में गुनिका साहू ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके साथ प्रज्ञा मधुकर, गार्गी गौतम और अंशिका मिश्रा ने 94 प्रतिशत तथा आरुषि शर्मा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता का परिचय दिया। वहीं कक्षा 12वीं में लक्ष्य मधुकर ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### बिजनेस स्टडी और इकॉनॉमिक्स में 98 अंक



बारहवीं कक्षा कॉमर्स विषय के विद्यार्थी काव्य अग्रवाल ने सेल्फी स्टडी से बोर्ड परीक्षा में 98.25 प्रतिशत हासिल किए हैं, जो भविष्य में सफल बिजनेसमैन बनने की बात कहते हैं। छात्र ने बताया कि परीक्षा में बिजनेस स्टडी और इकॉनॉमिक्स में 98 अंक हासिल किए हैं, वहीं म्यूजिक में 100 में 100 अंक प्राप्त हुए। बोर्ड में सबसे कम अंक 88 अकाउंट विषय में मिले हैं। बारहवीं कक्षा की तैयारी के दौरान अधिक तनाव होने पर बास्केटबॉल गेम्स को भी समय दिया, जिससे माइंड रिलैक्स हो जाता था। पिता विकास कुमार अग्रवाल सफल बिजनेसमैन हैं, जो मेरे आदर्श हैं।

### मुख्य विषयों को प्राथमिकता



एनएच गोयल स्कूल से कॉमर्स विषय की छात्रा इशिका अग्रवाल ने बताया कि जनवरी माह से बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू की। इस दौरान 10-15 साल के प्रश्नपत्र और मॉक टेस्ट के प्रश्नों को हल किया। बोर्ड परीक्षा नजदीक आते ही 8-9 घंटे का वक्त केवल पढ़ाई को दिया है, माता-पिता ओडिशा में रहते है, जिसके कारण रायपुर में स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई की है। परीक्षा की तैयारी के दौरान मुख्य विषयों को प्राथमिकता दी, जिससे परीक्षा के वक्त समय प्रबंधन से हो गया।

### परीक्षा से पहले फैमिली फंक्शन में जाना छोड़ा




ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में छात्रा आर्ची पटेल ने बारहवीं बोर्ड में 98.24 प्रतिशत हासिल किए हैं। उन्होंने कहा, प्री-बोर्ड की तैयारी के लिए स्कूल प्रोजेक्ट जल्दी सबमिट किया, इससे बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए समय प्रबंधन का अधिक मौका मिला। बोर्ड परीक्षा से 2 माह पहले फैमिली फंक्शन में जाना बंद कर दिया था, सेल्फ स्टडी से बोर्ड की तैयारी की। सभी विषयों को दो भाग में बांटा, जो विषय कठिन थे, उन्हें कम समय और जो सरल थे, उन्हें ज्यादा से ज्यादा याद किया। पिता भरत पटेल एक बिजनेसमैन और माता नीता पटेल गृहिणी हैं। परीक्षा के दौरान तनाव अधिक होने पर दोस्तों के साथ बातचीत करती थी।

### मेडिकल फील्ड में कॅरियर बनाने शुरू की तैयारी



सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में शहर की अदिति गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वे डीपीएस सेमरिया रायपुर की छात्रा हैं। मेरिट लिस्ट में जगह बनाने पर खुशी जाहिर करते हुए अदिति गुप्ता ने अपनी सफलता के लिए खुद की मेहनत, टीचर्स, पैरेंट्स के सपोर्ट को आधार बताया। उन्होंने कहा, सुबह 5 बजे रोजाना पढ़ाई के लिए जाग जाती हू, वहीं रात में अधिकतम 10 बजे तक अपनी पढ़ाई खत्म कर लेती हूं। मेरे माता-पिता डॉक्टर हैं और मैं भी इसी फील्ड में कॅरियर बनाने नीट की तैयारी में जुट गई हूं।

### एआई-रोबोटिक्स में कॅरियर बनाने का सपना



डीपीएस सेमरिया रायपुर की छात्रा श्रेष्ठता केसवानी ने सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल की है। इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए श्रेष्ठता ने कहा कि मैं शुरू से ही सभी सब्जेक्ट्स को फोकस के साथ क्लीयर करती हूं। एग्जाम के कंटेंट्स पर काम करती हूं, एनसीईआरटी की बुक्स, पुराने वर्ष के प्रश्नों समेत अन्य तैयारी की, इसमें मेरी पैरेंट्स व टीचर्स की भूमिका अहम है। आगे एआई व रोबोटिक्स टेक्नॉलॉजी में पढ़ाई करना चाहती हूं। इसकी तैयारी भी शुरू कर दी हैं।

## नया लुक देने बेंबू किस्म के एरिका पॉम प्लांट्स को कर रहे शामिल

कार्नर न्यूज

# घर-ऑफिस को ग्रीन लुक देने एरिका पॉम प्लांट का बढ़ा ट्रेंड

शहर के पौधों की नर्सरियों में जिन होमडेकोर इंडोर प्लांट्स की डिमांड ट्रेंड कर रही है, उनमें एरिका पॉम प्लांट पहले स्थान पर है। घर हो या आफिस, हॉटल्स, सरकारी बंगले ज्यादातर जगहों पर ग्रीन लुक देने बेंबू किस्म के एरिका पॉम प्लांट्स को ज्यादा शामिल किया जा रहा है।

**रायपुर।** संतोषी नगर चौक-बोरियाखुर्द मार्ग, भाठागांव बस स्टैंड मार्ग और रायपुरा-महादेवघाट मार्ग पर होमडेकार प्लांट्स की नर्सरियों से जानकारी लेने पर ऑल सीजन इंडोर प्लांट्स में सबसे अधिक डिमांड प्लांट्स में एरिका पॉम प्लांट को लोग अधिक खरीद रहे हैं। नर्सरी के संचालकों ने बताया कि एरिका पॉम प्लांट को अधिक पानी देने की आवश्यकता नहीं, टाइम -टाइम में वाटर-स्प्रे से यह हरी-भरी बनी रहती है, साथ ही खाद भी महीने में एक बार ही लगता है। कम देखभाल में एरिका पॉम प्लांट ग्रीन होम डेकोर की सबसे लोकप्रिय इंडोर प्लांट है। इसके अलावा पत्तेदार, फुलों वाले इंडोर प्लांट में पीसी, लीली, आर्किड, गार्डनिया आदि का भी मांग अच्छी खासी है।आउटोडर प्लांट के नाम में कैना लीली, बोगनविलिया, हिबिस्कस जैसे प्लांट को शामिल किया जा रहा है। ताकि घर हो या आफिस, हॉटल्स, सरकारी बंगले ग्रीन एनवायरमेंट के साथ खूबसूरत दिखे।



#### 100 से 150 रुपए तक कीमत

*नर्सरी में एरिका पॉम प्लांट की कीमत 100 से 150 रुपए है। वहीं 50 से 500 रुपए कीमत के भी इंडोर व आउटडोर प्लांट्स उपलब्ध हैं। आमतौर पर सस्ते होम डेकोर के पौधों व महंगे प्लांट दोनों तरह के कलेक्शन नर्सरी में मिल रहे हैं। ताकि लोग अपने बजट में इंडोर व आउंटोर प्लांट्स खरीद सकें।*

#### हवा को शुद्ध बनाने में मददगार

प्लांट्स डेकोर एक्सपर्ट के मुताबिक एरिका पॉम प्लांट की पत्तियां हवा से कार्बन-मोनोआक्साइड व जाइलीन जैसी विषाक्त गैंस को अवशोषित करती है। इससे आसपास की को हवा को फ्रेश रखती है। यही वजह है कि आज के बढ़ते वायु प्रदूषण के समस्या से निजात पाने अपने घर के इंडोर वातावरण की हवा को शुद्ध बनाने एरिका पॉम प्लांट को शामिल कर रहे हैं।

**धर्म लाइव**

## राष्ट्र की रक्षा करने सवा लाख नवकार महामंत्र जाप से तैयार किया कवच



रायपुर। खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर के आशीर्वाद से सोमवार को सोमवती पूर्णिमा के अवसर पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर और चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में सवा लाख नवकार महामंत्र का जाप किया गया। इस विशेष अनुष्ठान का उद्देश्य राष्ट्र की सुरक्षा में तैनात सैनिकों के सुरक्षित स्वास्थ्य और उनकी शौर्यपूर्ण रक्षा के लिए एक सुरक्षा कवच बनाना था। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर और दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद और महासचिव महेंद्र कोचर ने कहा कि इस जाप का उद्देश्य देश, राष्ट्र और समाज में शांति स्थापित करना, सैनिकों के शौर्य, पराक्रम और वीरता को बढ़ावा देना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना था।

### जनभावनाओं की पोस्टर प्रदर्शनी भी

ट्रस्टी नीलेश गोलछा और डॉ. योगेश बंगानी ने बताया कि श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर और भैरव सोसायटी में पहलगाम आतंकी हमले पर जनभावनाओं की पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में बच्चों और युवाओं ने पोस्टर और कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाओं और विचारों का प्रकटन किया, जो अत्यधिक सराहनीय था। सैकड़ों भाई-बहनों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसकी सराहना की। जैन परंपरा में नवकार महामंत्र में अपार शक्ति निहित है और इसके जाप से बड़े से बड़े संकट टल जाते हैं। इस अवसर पर सकल जैन समाज ने सवा लाख नवकार महामंत्र का जाप कर सैनिकों के लिए सुरक्षा कवच तैयार किया और इस तरह राष्ट्र की रक्षा में अपनी आहुति दी।

**समाज लाइव**

## भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन प्रारब्ध एवं पुरुषार्थ के प्रतीक



रायपुर। विधानसभा परिसर रायपुर में अरविंद मिश्रा परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत के समापन अवसर पर गीता के सार को प्रस्तुत करते हुए शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर से पधारे स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन प्रारब्ध एवं पुरुषार्थ के प्रतीक हैं। जहां प्रारब्ध और पुरुषार्थ मिल जाता है, वहां शीघ्र ही कार्य हो जाता है। केवल पुरुषार्थ रहे और उसके अनुकूल प्रारब्ध न हो और जहां केवल प्रारब्ध रहे और उसके अनुकूल पुरुषार्थ न हो, तब भी कार्य नहीं होता। जहां प्रारब्ध और पुरुषार्थ दोनों मिलते हैं, वहां श्री, विजय, ऐश्वर्य, ध्रुवा नीति आदि की सहज प्राप्ति हो जाती है। भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन के योगेश्वर और धनुर्धर हैं, अतः गीता की समाप्ति पर अंतिम श्लोक में यही बात सिद्ध होती है कि जहां भगवान की कृपा होती है और जीवात्मा का पुरुषार्थ होता है, वहीं सिद्धि, श्री, विजय, ऐश्वर्य, ध्रुवा नीति की प्राप्ति हो जाती है।

### पूर्णाहुति के बाद ज्ञान यज्ञ का समापन

भक्त और भगवान जहां समवेत होकर जाते हैं, वहां सभी सद्गुण सहज में जीवात्मा को प्राप्त हो जाते हैं। कथा के पूर्व यजमान प्रभाशंकर मिश्र एवं सुलोचना मिश्रा तथा परिजनों ने मिलकर पूर्णाहुति की। तत्पश्चात तुलसी वर्षा, कपिला दर्पण तथा विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ से कार्यक्रम को पूर्णता प्रदान की। कार्यक्रम के कर्मकांड भाग को श्री शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वान आचार्य महेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया।

**सिटी इवेंट**

## मैग्नेटो प्रीमियर लीग में नॉकआउट राउंड से बढ़ा क्रिकेट का रोमांच



रायपुर। मैग्नेटो मॉल में चल रहे बहुचर्चित मैग्नेटो प्रीमियर लीग के 40वें दिन क्रिकेट प्रेमियों को जबरदस्त रोमांच और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। टूर्नामेंट अब अपने नॉकआउट चरण में प्रवेश कर चुका है और मुकाबलों की गंभीरता तथा उत्साह दोनों ही चरम पर पहुंच चुके हैं। दिन के पहले मुकाबले में स्टॉर 11 और आईडल इंश्योरेंस की टीमें आमने-सामने थीं। स्टॉर 11ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया। दमदार बल्लेबाजी और टीमवर्क के लिए रोहित को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। दर्शकों ने हर रन और हर विकेट पर जोरदार तालियों से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दूसरे मैच में एएनएम और क्लीनटेक के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें एएनएम ने बेहतरीन रणनीति और अनुशासन के साथ मुकाबला जीता। टीम के स्टार खिलाड़ी अजय ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया और 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब अपने नाम किया।

### दर्शकों का उमड़ा हुजूम खिलाड़ियों में जोश

इस चरण में दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर चौके, छक्के और विकेट पर दर्शकों की गूंज से माहौल जीवंत हो उठता था। टूर्नामेंट ने अब एक त्योहार का रूप ले लिया है, जहां खेल के साथ-साथ उत्सव का आनंद भी देखने को मिल रहा है। नॉकआउट राउंड की शुरुआत के साथ ही टूर्नामेंट में अब कोई भी टीम गलती की गुंजाइश नहीं छोड़ सकती। हर मुकाबला फाइनल जैसा बन चुका है। टूर्नामेंट के विजेता को 1 लाख और उपविजेता को 50 हजार की इनाम राशि दी जाएगी। ऐसे में सभी टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं।

**दैनिक दिनचर्या की समस्याओं को कम करने रविवि के छात्रों की अनोखी कोशिश**


# स्मार्ट नवाचार : सोलर एयर प्यूरीफायर से मिलेगी शुद्ध हवा, ईसीजी सिस्टम से दिल की धड़कन पर नजर


पं. रविशंकर शुल्क विश्वविद्यालय के छात्रों ने दैनिक दिनचर्या को सरल बनाने, पर्यावरण के सुरक्षित रखने एवं बिजली की बचत के लिए अनोखा नवाचार किया है। छात्रों ने लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए नए अविष्कार किए हैं, जो किसान, विद्यार्थी, पर्यावरण, स्वस्थ्य विभाग के लिए उपयोगी साबित होंगे। एमएससी विभाग से पांचवे सेमेस्टर के छात्रों ने समूह में मिलकर 10 अनोखे अविष्कार किए हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों की सहायता करना है।

रायपुर। सभी क्षेत्रों में मददगार साबित होने वाला यह प्रोजेक्ट आने वाले दिनों में लोगों की दिनचर्या को सरल बनाने का कार्य करेगा। हरिभूमि से खास चर्चा के दौरान छात्रों ने मशीन बनाने के उद्देश्य और इसकी विशेषताओं पर चर्चा की। छात्रों ने बताया कि ये सभी मशीनें कम कीमत पर तैयार की गई हैं, जिसकी कीमत बाजार में हजारों में है। इन उपकरणों से मानव जीवन में होने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता है। इसमें पारंपरिक मशीनों को नवीनीकरण करने पर जोर दिया गया है।

### एयर प्यूरीफायर सोलर सिस्टम

एयर पॉल्यूशन की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से दो विद्यार्थियों के समूह ने आईओटी बेस्ड स्मार्ट एयर प्यूरीफायर सोलर सिस्टम तैयार किया है। यह एयर को चार स्टेज में फिल्टर कर शुद्ध बनाता है, मशीन में यूवीसी लाइट की मदद से बैक्टीरिया की जांच की जाएगी। इसके बाद चार चरणों में जांच शुरू होगी, पहली प्री-फिल्टर, दूसरी एक्टिविटी कार्बन फिल्टर, तीसरी-चौथी केबिन हेपा फिल्डर कार्य किया जाएगा। इस दौरान मशीन में सेंसर की मदद से जानकारी मिलती रहेगी। विशेष चर्चा के दौरान छात्र हर्ष कुमार साहू ने बताया कि बाजारों में चार स्टेज एयर प्यूरीफाइंग मशीन की कीमत 50 हजार से शुरू है। इसे वे 5-6 हजार में ही तैयार करेंगे, जिसे सोलर पैनल और बैटरी की मदद से चलाया जा सकता है। मशीन के संपर्क में आते ही कार्बन मोनो ऑक्साइड, सल्फर, अमोनियम एवं कार्बन-डाईऑक्साइड जैसी गैस की जानकारी स्क्रीन पर और मोबाइल एप्लिकेशन की मदद से देखी जा सकती है।





### सेंसर से जांच सकेंगे सूर्य की इंटेंसिटी

*जनसंख्या वृद्धि के साथ एनर्जी डिमांड बढ़ती जा रही है, जिससे लोगों ने कोयले का अधिक उपयोग शुरू कर दिया है। इस वजह से लैंड की कमी बढ़ती जा रही है। इस समस्या को देखते हुए छात्रा अंकिता चंद्राकर और काजल डहरिया ने **सन ट्रेकिंग सोलर ट्री** मशीन का निर्माण किया है। सामान्य शब्दों में कहा जाए तो सन ट्रेकिंग मशीन की मदद से सूर्य की इंटेंसिटी को समझा जा सकता है। छात्रों ने बताया कि सेंसर की मदद से इंटेंसिटी की जानकारी मिलेगी, जिससे सोलर पैनल को रोटेड किया जा सकता है। पेड़ों के ऊपर मशीन लगाकर माइक्रो कंट्रोलर से कनेक्ट किया जाएगा, जो इसकी गुणवत्ता को बढ़ाएगा।*



### 50 ग्राम की ईसीजी मॉनिटरिंग सिस्टम मशीन

छात्रों ने अपने हुनर का नमूना दिखाते हुए 2 सप्ताह के भीतर ईसीजी मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया है, जिससे व्यक्ति के हृदय की गति को देखा जा सकता है। छात्रा तनु चंद्राकर और आंचल साहू ने केवल 50 ग्राम वजन की मशीन तैयार की है। कहा कि रिसर्च स्कॉलर्स छात्रों के लिए यह सबसे मददगार मशीन साबित होने वाली है, बाजारों में हृदयगति निरीक्षण मशीन की कीमत 17 हजार शुरुआती है। यह मशीन छात्रों को कम कीमत पर दी जाएगी। व्यक्ति के हाथों में इलेक्ट्रोल लगाते ही स्क्रीन पर हृदय की गति दिखने लगेगी। पारंपरिक ईजीसी मशीन से कम दामों पर लोगों के लिए इसे उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे कोई भी व्यक्ति जांच कर सकेगा।





### छात्रों ने बनाई शीड स्प्रे मशीन

छोटे किसानों की मदद करने के उद्देश्य से सोलर पॉवर शीड स्प्रे मशीन तैयार की है, जिसे दानेश्वरी साहू और वंदना साहू ने समूह में बनाया है। छात्राओं ने बताया कि मशीन को मुख्यतः किसानों के लिए तैयार किया गया है। इससे खेत पर नियमित रूप से बीज का छिड़काव समान मात्रा में किया जा सकता है, अक्सर देखा गया है कि बीज छिड़काव के दौरान किसानों को मजदूरों की आवश्यकता होती है, जिससे अधिक खर्च होता है। वहीं खेत के सभी स्थानों पर बीज नियमित मात्रा में नहीं पहुंच पाता, इस वजह से मशीन बनाई गई है। पॉवर ऑन करते मशीन काम करना शुरू कर देगी, भविष्य में इसे रिमोट कंट्रोल से भी चलाया जा सकता है।

## दिनभर की गलतियों पर आत्मचिंतन जरूरी, वरना आदत बनकर सही-गलत का बोध मिटा देंगी भूलें

वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला- 'तनावमुक्त जीवन की ओर एक संस्कारित पहल



रायपुर। न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला- 'तनावमुक्त जीवन की ओर एक संस्कारित पहल' के अंतर्गत उपाध्याय भगवंत मनीष सागर महाराज ने बारहवें दिन मंगलवार को जीवन में तनावमुक्त रहने का मूलमंत्र देते हुए बताया कि जीवन में हमें अपने मूल मार्ग पर चलना चाहिए। यह समझना जरूरी है कि हमें यह जीवन किस उद्देश्य से मिला है। अधिकतर लोग सुख की तलाश में हैं, परंतु यह सांसारिक सुख क्षणिक है, यह स्थायी नहीं। फिर भी लोग उसी के पीछे दौड़ते हैं। हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि क्या केवल जीना ही जीवन है? पशु भी जीवनयापन करते हैं, लेकिन हमें तो आत्म-विकास और आत्मा की शुद्धि का लक्ष्य रखना चाहिए जीवन निर्वाण का। आज की दुनिया में लोगों ने हर चीज को अनियंत्रित कर दिया है। समय की कोई मर्यादा नहीं रही, क्रियाओं की कोई सीमा नहीं। धर्म और आत्मचिंतन को सीमित कर दिया गया है, जबकि भोग-विलास और व्यर्थ की गतिविधियों को अनलिमिटेड बना दिया गया है। यही सबसे बड़ी उलटबांसी है। आज लोग धर्म के लिए समय नहीं निकाल पा रहे, लेकिन सोशल मीडिया पर घंटों बिता देते हैं। इससे न लाभ है न शांति, सिर्फ अशांति और उत्तेजना।

### सच्चा धर्म और सच्चा जीवन

*हमें चाहिए कि दिनभर की अपनी गलतियों को पहचानें और उन पर विचार करें। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो धीरे-धीरे गलतियां हमारी आदत बन जाएगी और हमें सही-गलत का फर्क भी महसूस नहीं होगा। यही आत्मविनाश का रास्ता है। यदि आपके अंदर कोई बुरी आदत है तो आज से ही उसे छोड़ने का संकल्प लें। स्वयं को बार-बार सुझाव दें, मुझे यह छोड़ना है। परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, अपने निर्णय पर अडिग रहें। यह प्रक्रिया कठिन जरूर है, लेकिन यदि बार-बार प्रयास करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। हर दिन शांत रहें, आत्मनिरीक्षण करें और खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करें। यही सच्चा धर्म है, यही सच्चा जीवन है।*

### अंत में ग्लानि और पछतावा ही हाथ आता है

हमारे जीवन में अनावश्यक चीजें भर गई हैं, जैसे असंयमित खानपान और मांसाहार। मांस सेवन से अनेक बीमारियां होने की संभावना होती है। आज कई बड़े खिलाड़ी और हस्तियां मांसाहार छोड़ चुके हैं। बहुतों को शायद यह नहीं पता कि जो पोषण हमें मांस में नहीं मिलता, वह मूंग की दाल जैसे शाकाहारी आहार में भरपूर है। साथ ही हमें खुद की आदतों की समीक्षा करनी चाहिए। क्या चाय, गुटखा, शराब, गप्पें, बेवजह घूमना-फिरना या समय बर्बाद करना आपकी कमजोरी है? ये सब शुरू में आकर्षक लगती हैं, पर अंत में ग्लानि और पछतावा ही हाथ आता है।

## कुंथुनाथ जिनालय में 24वीं वर्षगांठ की धूम हाथों में सजी मेहंदी, भक्ति संगीत ने मोहा मन

जिनालय में ध्वजा महोत्सव का हुआ आगाज



रायपुर। सन्मति नगर फाफाडीह स्थित कुंथुनाथ जिनालय के धन्यधरा पर जिनालय की 24वीं वर्षगांठ एवं 25वां ध्वजा महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार 13 मई को मेहंदी का आयोजन किया गया। शाम से 6.30 बजे मेहंदी का कार्यक्रम हुआ और शाम 7.30 बजे भक्ति संध्या एवं भव्यातिभव्य 108 दीपक से प्रभुजी की विशेष आरती एवं विशिष्ट सन्मान समारोह का आयोजन किया गया। महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार 14 मई को मंगल प्रवेश/भव्य सोमैया का आयोजन सुबह 6 बजे होगा, जिसमें चतुर्विंग संघ की अगवानी में मुनि भगवंत महेंद्र सागर आदि ठाना एवं साध्वीश्री हसंकीर्ति आदि ठाना का मंगल प्रवेश होगा। सुबह 7 बजे सकल संघ की नवकारसी, 7.30 बजे ध्वजा की शोभायात्रा, 8.30 बजे श्री सत्तरभेदी पूजा होगी, जिसके लाभार्थी धर्मचंद जी लुंकड़ परिवार हैं। ध्वजारोहण का कार्यक्रम 10.36 बजे होगा और 11 बजे स्वामी वात्सल्य का आयोजन रखा गया है।

### जिनालय की भव्य सजावट

ध्वजा महोत्सव के विधिकारक राजा भाई जयंतीलाल नंदू (मुंबई) होंगे और सौ. शीतल बेन व्यास संगीत पार्टी की प्रस्तुति में भगवान श्री कुंथुनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में सारे आयोजन होंगे। महोत्सव के मुख्य आकर्षण जिनालय की भव्य सजावट, प्रभुजी की भव्य अंग रचना, भव्य रंगोली, भव्य गहुली, जीवदया का कार्य और अनुकंपा दान होंगे। श्री छत्तीसगढ़ी कच्छी दशा ओसवाल जैन ज्ञाति महाजन संघ ने यह आव्हान किया है कि ध्वजा महोत्सव में सभी धर्मप्रेमी सह-परिवार पधारें एवं जिनशासन की शोभा में अभिवृद्धि करें। महोत्सव में आयम्बिल तप, एकासणा करने वाले अपना नाम लिखा दें, ताकि उनकी उचित व्यवस्था की जा सके। वहीं महोत्सव के दौरान काले वस्त्र एवं चमड़े की वस्तु वर्जित है।

**कार्नर न्यूज**


**बड्र्स-पेट शॉप में रंगबिरंगे देशी-विदेशी पक्षियों की प्रजातियां**

## पक्षी प्रेमियों को लुभा रहा ऑस्ट्रेलियन कॉकटिल तोता ग्रीनफिशर-कन्नूर की चहचहाहट घर-आंगन में गूंज रही



रायपुर। कोलकाता से लाए गए ऑस्ट्रेलियन कॉकटिल तोते के पेयर राजधानी में लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। फाफाडीह बड्र्स शॉप के संचालक अली खान ने बताया कि मंगलवार को ही ऑस्ट्रेलियन कॉकटिल तोते के जोड़े मंगाए हैं। शहर के पक्षी प्रेमियों में ऑस्ट्रेलियन कॉकटिल तोता पालने का शौक बहुतायत में देखने को मिल रहा है। इसके अलावा कन्नूर, लव बड्र्स, बजरिगर्स जैसे लोकप्रिय पालतू पक्षियों को पक्षी प्रेमियों के डिमांड के चलते विशेष तौर पर शॉप में लाया गया है। बड्र्स शॉप पर पहुंचकर पक्षी प्रेमियों व विक्रेताओं से बात करने पर पता चला कि सिटी के बर्ड लवर्स को बोलने वाले, शांत, चंचल, रंगबिरंगे, मीठी आवाज वाले देशी-विदेशी पक्षी बहुत भा रहे हैं। इसके लिए वह बड्र्स शॉप पर अपने पसंदीदा पक्षियों को अपने घरौंदे की शोभा बनाने मोटे दाम भी चुका रहे हैं। सबसे महंगे दाम में कॉकटिल तोता ग्रीनहेड व गोल्डन कॉकटिल 4 हजार रुपए प्रति जोड़ा है। वहीं वर लव बड्र्स 450 रुपए जोड़ी, ग्रीनफिशर, कन्नूर 25 सौ रुपए, अफ्रीकन लेपट्र्स बड्र्स के 500 रुपए तक के दाम में पक्षी प्रेमियों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस तरह से शहर में देशी-विदेशी की पक्षियों का अच्छा खासा कलेक्शन पक्षी प्रेमियों की पसंद को ध्यान में रखकर किया गया है। पक्षियों के प्रति शहरवासियों का यह प्रेम भले ही व्यापारिक हो पर उन जीवंत पक्षियों का केयर शौक के बहाने कर रहे हैं, यह बड़ी बात हैं।

**पैरोट्स, लव बड्र्स की बढ़ी डिमांड, मेमोरी गिफ्ट भी:** बड्र्स शॉप में पक्षी प्रेमियों के लिए पैरोट्स, रंगबिरंगे लव बड्र्स उपलब्ध हैं। बोलने के साथ-साथ प्रेम के प्रतीक के तौर पर बड्र्स को युवा वर्ग भी पसंद कर रहे हैं। लव बड्र्स के जोड़े को एक-दूसरे को मेमोरी के लिए गिफ्ट भी करने का चलन होने लगा है। वे लव बड्र्स का केयर कर अपने प्रेम को जीवंत रूप देने व उनसे जुड़े रहने के लिए अपने घर ले जा रहे हैं।





### ग्रीनफिंच की मीठी आवाज से गूंज रहा आंगन

ग्रीनफिशर को यूरोपियन ग्रीनफिंच भी कहा जाता है, यह छोटे आकार की पक्षी है ,जो अपने सुंदर हरे पंख व मीठी आवाज के लिए जाना जाता है। इसकी मीठी आवाज व सुंदरता के कारण पक्षी प्रेमी इनसे खुद का दूर नहीं रख पाते। शहर के बड्र्स पेट शॉप से पक्षी प्रेमी ग्रीनफिशर को अपने घर-आंगन का मेहमान बनाने ले जा रहे हैं। फाफाडीह चौक स्थित बड्र्स शॉप पर ग्रीनफिशर का पेयर लेने पहुंचीं एक पक्षी प्रेमी ने बताया कि उनको पक्षियों का केयर करना बहुत पसंद हैं, उनकी मीठी आवाज मुझे और मेरे घर-आंगन को प्रकृति के करीब ले जाती है।

### कन्नूर की मनमोहक 12 प्रजातियां खास

शहर के बड्र्स शॉप में सबसे ज्यादा प्रजातियों में कन्नूर पक्षी हैं। इसमें सन कन्नूर, गोल्डन कन्नूर, ग्रीनहेड कन्नूर जैसे एक से बढ़कर एक आकार, रंग वाले इन पक्षियों के प्रति पक्षी प्रेमियों में भी अच्छा-खासा लगाव देखा जा रहा है। बड्र्स शॉप में अपने शौक के मुताबिक 12 अलग-अलग कन्नूर प्रजाति के पक्षी शहर के पक्षी प्रेमी आंगन की शोभा बढ़ाने ले जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### वार्ड क्रमांक 2 में 92 लाख की लागत से बनेगी पानी टंकी

**तिल्दा नेवरा।** नगर पालिका तिल्दा नेवरा के वार्ड क्रमांक 2 अंडर ब्रिज के आगे पुराना पानी टंकी के पास नया पानी टंकी का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए मंगलवार भूमि पूजन किया गया। उक्त पानी टंकी की लागत 92 लाख रुपए है। साथ ही भूमि पूजन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद व सभापति विनोद नेताम, सभापति ईश्वर यदु, वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद राजेंद्र बल्ला, पार्षद जयेश पैकरा, राजकुमार गेंड्रे, रानी सौरभ जैन सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, सीएमओ अनीश कुमार ठाकुर, डॉक्टर एलपी साहू, विजय ठाकुर, डॉक्टर खुमान वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

### ईशा ने 10वीं में हासिल किए 80.6 प्रतिशत

**तिल्दा-नेवरा।** मंगलवार को सीबीएसई परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ।



सेंचुरी सीमेंट स्कूल के कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम से ईशा यदु ने 80.6 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल व गांव का नाम रोशन किया। ईशा यदु तिल्दा के पास स्थित ग्राम नकटी खपरी की हैं। इनके पिता का नाम गोपी यदु है जो पेशे से डॉक्टर है। इनके परीक्षा परिणाम से पूरे गांव व क्षेत्र मे हर्ष का माहौल है।

### भाजपा की आज कार्यशाला

**रायपुर।** महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर 21 से 30 मई तक भाजपा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। कार्यक्रम संयोजक नारायण चंदेल ने बताया, भाजपा के वक्ता प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाएंगे और वहां व्याख्यान माला, संगोष्ठी, प्रदर्शनी के आयोजन किए जाएंगे। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय नेत्री सुषमा सिंग व भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, महामंत्री संगठन पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, सभी जिला अध्यक्ष व जिलों में बनी कमेटियों की एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है। इसमें आगामी कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा के बारे में वरिष्ठ जन दिशा निर्देश देंगे।

### जनजातीय संग्रहालय का लोकार्पण आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार 14 मई को शाम 4.30 बजे राजधानी नवा रायपुर के आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर-24 में प्रदेश के जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित नवनिर्मित जनजातीय संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। साथ ही आदिम जाति विकास विभाग के नवनियुक्त 300 छात्रावास अधीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय इस अवसर पर जेईई मेंस में चयनित प्रयास आवासीय विद्यालय के 122 विद्यार्थियों का सम्मान भी करेंगे। इस कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा होंगे।

## निधन

### भागबती हनुमंता

**तरपोंगी।** सड्डू निवासी भागबती हनुमंता का 13 मई को सुबह निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी।



उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सड्डू में किया गया। वे शिव कुमार, सुरेंद्र,उपेंद्र, दिलीप हनुमंता की माता थी। अंतिम यात्रा में गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गण व ग्रामीण शामिल हुये।

---

## हरिभूमि ने तीन दिन पहले इस गड़बड़ी को किया था उजागर

# खसरों से हटाए गए नाबालिग शब्द एनआईसी की गलती से हुई थी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के कई जिलों के खसरा जमीन के मालिक अचानक बालिग से नाबालिग हो गए थे। इन खसरा खातों में निजी लोगों की जमीन के साथ शासकीय जमीनें भी शामिल थीं। प्रदेश के कई जिलों में एक साथ हुई इस बड़ी त्रुटि को हरिभूमि ने उजागर किया था। इस खबर के बाद राजस्व विभाग के अफसरों में हड़कंप भी मचा था, जिसके बाद आनन-फानन में सरकारी छुट्टी होने के बावजूद इस गड़बड़ी को दो दिन के भीतर सुधार लिया गया। सूत्रों के अनुसार यह गड़बड़ी एनआईसी सेंटर से ही हुई थी। भुईयां साफ्टवेयर को अपडेट करने के दौरान कई जिलों के खसरों के खातों में नाबालिग शब्द जुड़ गए थे, जिसे ठीक करने के लिए एनआईसी को भुईयां पोर्टल को रीसेट करना पड़ा। रिसेट करते ही सभी खसरा खाते पहले की स्थिति में आ गए और नाबालिग शब्द हट गए।

हरिभूमि ने 11 मई को खबर प्रकाशित की है, जिसमें प्रदेश के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा, गौरेला-पेंड्रा, भरतपुर, सक्ती सहित अन्य जिलों के अंतर्गत तहसील क्षेत्रों के सैकड़ों-हजारों खसरा खातों में जमीन के मालिक बालिग से नाबालिग हो गए थे। खसरा खातों में सभी मालिकों के नाम के नीचे नाबालिग शब्द अंकित हो गया था, जो पीडीएफ फाइल में भी शो कर रहा था।

खबर का असर

### मैनुअल रिकार्ड बहुत जरूरी

एनआईसी की लापरवाही से जिस तरह से ऑनलाइन रिकार्ड में बड़ी गड़बड़ी हुई है, इसे देखते हुए अब पटवारी राजस्व संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि राजस्व संबंधी सारे कार्य अब भुईंया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन हो रहे हैं। मैनुअल रिकार्ड नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर ऑनलाइन रिकार्ड में गड़बड़ी होती है, तो उसे मैनुअल रिकार्ड देखकर सुधारा जा सकता है, लेकिन अगर मैनुअल रिकार्ड ही नहीं होंगे, तो गड़बड़ी को सुधारने का दूसरा आप्शन एनआईसी के पास भी नहीं होगा, इसलिए राजस्व संबंधी कार्यो का मैनुअल रिकार्ड भी होना बहुत जरूरी है।




### पंजीयन विभाग में सुविधा देने भुईयां को किया जा रहा अपडेट

शासन ने नामांतरण का अधिकार तहसीलदारों और पटवारियों से छीनकर पंजीयन विभाग को देने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के कुछ पंजीयन कार्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नामांतरण की सुविधा शुरू भी कर दी गई है। इस सुविधा के साथ रजिस्ट्री के समय तुरंत बटांकन भी हो जा रहे हैं। यह सुविधा प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय में शुरू होनी है। इसे लेकर भुईयां पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है, ताकि रजिस्ट्री के दौरान बटांकन और नामांतरण भी आसानी से हो जाए।

### तीन साल पहले भी अपडेट के दौरान हो चुकी है बड़ी गड़बड़ी

भुईयां साफ्टवेयर को अपडेट किए जाने के दौरान वर्ष 2022 में भी इसी तरह एनआईसी से गड़बड़ी हुई थी। उस दौरान भी प्रदेशभर के सभी खसरा रकबों का एक ही नंबर 0139 हो गया था। इसके अलावा कई तहसील ग्रामों के नाम धोने की मशीन, बात करना हो गए थे, वहीं कईयों का रकबा घट गया था। इस गड़बड़ी को भी रीसेट करके ठीक किया गया था।

---

## शराब दुकान में विवाद के बाद युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

शराब दुकान में विवाद के बाद युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी भगवान यादव, निवासी बैजनाथ लेबर कॉलोनी गैतरा ने थाना तिल्दा में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने साथी हमीद अली के साथ सामान लेने तिल्दा आया था।

दोनों ने बाजार से खरीदारी के बाद नेवरा स्थित शराब दुकान का रुख किया, जहां हमीद अली का तीन युवकों से विवाद हो गया।वाद-विवाद के दौरान तीनों युवकों ने हमीद अली को गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की और हत्या के इरादे से लोहे के धारदार चाकू से उसके पेट पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल हमीद अली को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना पर तीनों आरोपियों राज सेंदरे पिता जीतू सेंदरे (उम्र 23 वर्ष, विक्रांत लाहोरे पिता जुगनू सिंह (उम्र 23 वर्ष समीर श्रवण पिता शिवकुमार श्रवण (उम्र 19 वर्ष) सभी निवासी बुधवारी बाजार, वार्ड क्रमांक 6, नेवरा को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान तीनों आरोपियों ने अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार चाकू व लोहे का कड़ा भी जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2), 109, 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय रवाना किया गया है।

---

## राखी में समाधान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के द्वितीय चरण के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम राखी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 05 से 31 मई तक पूरे प्रदेश में संचालित किए जा रहे हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जन की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान करना है। समाधान शिविर में रायपुर लोकसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और आरंग विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ शासन गुरु खुशवंत साहेब की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों जनप्रतिनिधियों ने जनसामान्य से सीधे संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और उपस्थित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन की मंशा है कि हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचे। समाधान शिविर इसी मंशा को साकार करने का प्रभावी माध्यम है। आरंग विधानसभा के ग्राम अमोदी सहित पूरे क्षेत्र में इन शिविरों से आमजन को वास्तविक राहत मिल रही है। शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक कल्याण, बिजली, जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश का मौके पर समाधान किया गया तथा शेष प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### समर कैंप का आयोजनः बच्चों के सर्वांगीण विकास

**तरपोंगी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी छुट्टी के सदुपयोग हेतु आयोजक हेमंत निषाद व खुमान वर्मा के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल तरपोंगी प्रांगण में विनय सेल्स एंड सर्विस के संरक्षण में समर कैम्प आयोजन किया जा रहा है। जिसमे योग प्रशिक्षक भीखम साहू के द्वारा योग शिक्षा, डांस ट्रेनर कोमल देवांगन, आर्यन डांस ग्रुप कुंराहर्ष, पेंटर कुलेश्वर विश्वकर्मा द्वारा पेंटिंग, आकांक्षा महानंदे द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट सिखाया जा रहा है। यह आयोजन पूरी तरह से निःशुल्क है। जिसमे तरपोंगी, मोहदा, सड्डू, निनवा, देवरी, सगुनी, खैरखुट, भूमिया के बच्चे सम्मिलित होकर लाभ उठा रहे है।

## सोनकर समाज के वार्षिक अधिवेशन में समाज के हित में विभिन्न प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



सोनकर समाज आरंग का वार्षिक अधिवेशन सोमवार को सृजन सोनकर विद्या मंदिर आरंग में आयोजित किया गया। जिसमें सोनकर समाज आरंग राज का आय-व्यय का एवं समाज द्वारा संचालित सृजन सोनकर विद्या मंदिर के आय-व्यय का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

समाज विकास के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों की चर्चा की गई एवं समाज हित में विभिन्न प्रस्ताव पारित किया गया। समाज की एकता और समावेशी विकास के लिए समाज के प्रमुख सदस्यों द्वारा अपना विचार अभियुक्त किया गया। इसी कड़ी में सोनकर समाज से आरंग नगर पालिका के भूतपूर्व पार्षद प्रकाश सोनकर, पूर्व पार्षद सतीश सोनकर, वर्तमान पार्षद भानमती राकेश सोनकर एवं दो बार के पार्षद दीक्षा सूरज सोनकर को मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोनकर समाज अध्यक्ष लखन लाल सोनकर एवं शिक्षा विकास समिति के अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर ने सभी सामाजिक जन प्रतिनिधियों की समाज हित में सतत कार्य करने की सराहना की। इस अवसर पर विशेष रूप से शंकर लाल सोनकर, मदन मोहन सोनकर, देवेंद्र सोनकर, तोकेराम सोनकर, सियाराम सोनकर, धर्मराज सोनकर, धनू सोनकर, अनिल पुष्पकार, रामानंद सोनकर, शंकरलाल सोनकर, विष्णु सोनकर, जगमोहन सोनकर की उपस्थिति रही।

---

## नहर-नालियों की मरम्मत प्रभावी ढंग से करें : शर्मा

**तरपोंगी।** किसान नेता राजू शर्मा ने कहा कि माइनर एवं वितरक शाखा नहर नाली का निरीक्षण करना जरूरी है। बांधों से खेत तक सिंचाई पानी पहुंचाने वाले अधिकांश नहर नाली क्षतिग्रस्त एवं मिट्टी, कचरा जमा हो जाने से पानी खेतों तक पहुंचने में कठिनाई उत्पन्न होगी तथा पानी अपनी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाएगा। समय रहते किसानो की खेती किसानी एवं खेत में बीज डालने के पहले नहर नालियों की मरम्मत प्रभावी ढंग से करें। ताकि खेतों तक किसानों को पर्याप्त पानी पहुंच जाए। बांधों में पानी छोड़ने से पहले इसकी मरम्मत और साफ सफाई जरूरी है नहीं तो किसानों के खेत तक नहर नाली के माध्यम से पानी पहुंचाने में कठिनाई उत्पन्न होगी अधिकतर नाली किसानों के खेत जाने की स्थिति को देखते हुए किसानों के धान बोने के पहले मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। धान बोआई के बाद किसी वाहन को किसान गुजरने नहीं देंगे। इस स्थिति में मरम्मत कार्य के लिए जून के पहले आवश्यक सामग्री नहर, नालियों तक पहुंचा कर मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया जाए नहीं तो शासन प्रशासन जल संसाधन विभाग को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा। जिले के गंगरेल बांध भाटापारा शाखा नहर के व बंगोली बांध, कुम्हारी जलाशय, मानपुर जलाशय, घुघवा टेंक के माइनर नहर अविलंब मरम्मत किया जाए उक्त आशाओ का पत्र छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन मंत्री एवं मुख्य अभियंता को किसान नेता द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है।



## कॉमर्स में तन्वी ने हासिल किए 93.6 प्रतिशत अंक

**आरंग।** शिक्षा के क्षेत्र में एक और मिसाल कायम करते हुए ग्राम गोढ़ी निवासी तन्वी बैस ने सीबीएसइ 12वीं बोर्ड परीक्षा में कॉमर्स संकाय से 93.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने विद्यालय कृष्णा पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल नया रायपुर में उच्च स्थान प्राप्त किया है। तन्वी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल उसके परिवार, बल्कि पूरे गाँव में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गई है। तन्वी बैस एक सामान्य किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता कुलेशर बैस एक प्रगतिशील किसान हैं, जो आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से खेती करते हैं। वहीं उनकी माता फलिता बैस एक समर्पित गृहणी हैं। जिन्होंने तन्वी की पढ़ाई में सदैव सहयोग दिया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी भी अपनी पढ़ाई में कोई समझौता नहीं किया। उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। अपनी सफलता पर तन्वी ने कहा, मेरे माता-पिता, गुरुओं और स्कूल के सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन और समर्थन मुझे इस उपलब्धि तक लाया। अब मेरा सपना है कि मैं चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर समाज के लिए कुछ सार्थक कर सकूँ। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने अब रायपुर में एक प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में दाखिला ले लिया है और सीए बनने की तैयारी शुरू कर दी है। गाँव के सरपंच, स्कूल प्राचार्य और ग्रामीणों ने तन्वी को शुभकामनाएँ दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गाँव के लिए तन्वी एक प्रेरणा बन गई हैं।



## दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को सरकार दे उचित मुआवजा

**सिलयारी।** ग्राम बंगोली में हाल ही में हुए भीषण सड़क दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है। भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष कमल बांधे ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे हृदय विदारक बताया। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

कमल बांधे ने मृतकों के परिजनों के लिए 40 लाख रुपए मुआवजे की मांग की और कहा कि यह राशि उनके दुख को कम करने में मदद कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को घायलों का पूरा खर्च उठाते हुए उनका समुचित उपचार सुनिश्चित करना चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद बंजारे ने भी इस बात पर जोर दिया कि सरकार को तत्काल कदम उठाकर घायलों की चिकित्सा का खर्च उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समय एकजुटता का है। सभी को मिलकर इस कठिनाई में पीड़ित परिवारों का सहारा बनना चाहिए। इस घटना ने सभी को एक बार फिर सड़क सुरक्षा के महत्व की याद दिलाई है और स्थानीय नेताओं ने सरकार से अपील की है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

---

## राज्य सूचना आयुक्त के लिए इंटरव्यू 28 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त पद के लिए इंटरव्यू 28 मई को होगा। इंटरव्यू के लिए पात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए मिले आवेदनों के संबंध में मापदंड तय कर परीक्षण और अनुशंसा देने के लिए सर्च कमेटी का गठन किया गया है। एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ इस कमेटी के अध्यक्ष हैं। कमेटी की बैठक श्री पिंगुआ की अध्यक्षता में 9 मई को रखी गई थी।

## डीजीपी चयन के लिए यूपीएससी ने चार आईपीएस के नामों पर किया विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पैनल में पवन देव, अरुण देव, जीपी सिंह और हिमांशु गुप्ता के नाम शामिल
- यूपीएससी की बैठक में मुख्य सचिव हुए शामिल



छत्तीसगढ़ में पूर्णकालिक डीजीपी के लिए यूपीएससी में सलेक्शन कमेटी की बैठक मंगलवार को हुई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी शामिल हुए। डीजीपी के लिए चार आईपीएस अधिकारियों का नाम यूपीएससी को भेजा गया है, इनमें पवनदेव, अरुणदेव गौतम, जीपी सिंह और हिमांशु गुप्ता का नाम शामिल है। इनमें से ही कोई पूर्णकालिक डीजीपी बनेगा।

डीजीपी चयन का मामला पिछले छह महीने से मामला यूपीएससी में लटका हुआ था। इससे पहले एक बार डीपीसी हुई भी मगर जीपी सिंह की इंट्री के बाद फिर से कई तरह की जानकारियां यूपीएससी ने राज्य सरकार से मांगी। राज्य सरकार ने सरकार ने दिसंबर 2024 में डीजीपी सलेक्शन के लिए प्रस्ताव भेज दिया था। मगर अब यूपीएससी जल्द अब पेनल बनाकर भारत सरकार को भेज देगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राज्य सरकार ने तीन नामों को पैनल भेजा था, जीपी सिंह के बहाल होने के बाद उनका नाम लिस्ट में वरिष्ठता के आधार पर तीसरे नंबर में जोड़ा गया है।

### राहुल ने की पीसीसी अध्यक्ष बैज के कार्यों की सराहना

**रायपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यों की सराहना करते हुए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखा है। उन्होंने पदयात्रा, बढ़ते अपराध के खिलाफ हुए आंदोलन और महिलाओं के खिलाफ हुए अत्याचार की लड़ाई की सराहना की है। पत्र में कहा है कि न्याय के लिए और जनता में उम्मीद जगाए रखने के लिए लड़ाई निरंतर जारी रखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ में न्याय यात्रा का आगाज किया। इसके तहत बलौदाबाजार से रायपुर तक पदयात्रा की थी। वहीं बढ़ते अपराध, महिलाओं के साथ अत्याचार को लेकर सड़क की लड़ाई के लिए अभियान चलाया था। उन्होंने हाल ही में इंद्रावती नदी को बचाने बस्तर में एक पद यात्रा कर इस मुद्दे की ओर सरकार का ध्यान खींचा। इंद्रावती बचाव अभियान की यह पदयात्रा जल-जंगल-जमीन के अधिकार के लिए थी। इंद्रावती नदी अब सरकार की उपेक्षा और बदइंतजामी के चलते पूरी तरह सूख चुकी है, जिसे बचाने के लिये बस्तरवासी पूरे तरीके से संघर्षरत हैं, लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने जब आंदोलन किया तब सरकार हरकत में आयी और शासन और प्रशासन ने पानी छोड़ने का काम किया।

## नक्सल ऑपरेशन पर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और पुलिस के दावों में विरोधाभास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व सीएम भूपेश ने उठाए सवाल, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, बीजापुर में नक्सल ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं और तथ्यों के आधार पर जो सच सामने आ रहा है, उससे लगता है कि नक्सल ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ सरकार का कोई नियंत्रण नहीं बचा है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा पद पर बने रहने के काबिल नहीं हैं और उनको तत्काल इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। बीजापुर के घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े किए हैं, जिससे संदेह पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, 8 मई की रात में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया कि ऑपरेशन संकल्प में 22 नक्सली मार गिराए हैं। उसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने कह कि कोई ऑपरेशन संकल्प नहीं चल रहा है। पता चला कि बीजापुर जिला अस्पताल में 22 शव पोस्टमार्टम के लिए लाए गए। शव मोर्चुरी में सड़ने लगे तब पुलिस ने 12 मई को शाम को एक रिलीज जारी की। बीजापुर में पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन संकल्प में कुल 31 नक्सली मारे गए हैं। अब तक कुल 20 नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली गई है।

11 शवों को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मुठभेड़ में बरामद शेष 11 नक्सलियों के शवों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

इसमें भी विरोधाभास है, अगर 20 की पहचान कर ली गई, तो सिर्फ 11 क्यों सौंपे गये?

### भूपेश ने किए सात सवाल

श्री बघेल ने सवाल किया कि क्या ऑपरेशन संकल्प चल रहा है?



अगर हां तो इसका क्या विवरण है? ऐसा कैसे हो सकता है कि पुलिस कोई ऑपरेशन चला रही है और गृहमंत्री को इसकी जानकारी नहीं है? कुल कितने शव बरामद किए गए? अगर 31 नक्सली मारे गए तो बीजापुर में 22 शव ही कैसे पहुंचे हैं? बाक़ी के शव कहां हैं? अगर सुरक्षा बलों को इतनी बड़ी सफलता मिली तो इसकी घोषणा करने में इतना समय क्यों लगा? जिनकी पहचान की गई उनके क्या-क्या नाम हैं? जिन शवों को पहचानकर हैंडओवर किया गया, जिनको हैंडओवर किया गया उनके क्या नाम हैं? और उनसे उनका क्या रिश्ता है? कितने शव को पहचानना अभी बाक़ी है?

**खबर संक्षेप**

### भाजपा की आज कार्यशाला

**रायपुर।** महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर 21 से 30 मई तक भाजपा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। कार्यक्रम संयोजक नारायण चंदेल ने बताया, भाजपा के वक्ता प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाएंगे और वहां व्याख्यान माला, संगोष्ठी, प्रदर्शनी के आयोजन किए जाएंगे। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय नेत्री सुषमा सिंग व भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, महामंत्री संगठन पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, सभी जिला अध्यक्ष व जिलों में बनी कमेटियों की एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है। इसमें आगामी कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा के बारे में वरिष्ठ जन दिशा निर्देश देंगे।

### जनजातीय संग्रहालय का लोकार्पण आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार 14 मई को शाम 4.30 बजे राजधानी नवा रायपुर के आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर-24 में प्रदेश के जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित नवनिर्मित जनजातीय संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। साथ ही आदिम जाति विकास विभाग के नवनियुक्त 300 छात्रावास अधीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय इस अवसर पर जेईई मेंस में चयनित प्रयास आवासीय विद्यालय के 122 विद्यार्थियों का सम्मान भी करेंगे। इस कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, बस्तर सांसद महेश कश्यप, रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक किरण सिंह देव, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, सुनील सोनी, गुरू खुशवंत साहेब, इन्द्रकुमार साहू, अनुज शर्मा, रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन विशिष्ट अतिथि होंगे।

### कैबिनेट आज

**रायपुर।** साय कैबिनेट की बैठक बुधवार को होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सुबह 11.30 बजे मंत्रालय में आहूत कैबिनेट की बैठक में कई विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी मिलेगी।

# भाजपा के 50 और मंडलों के अध्यक्ष तय, अब भी एक दर्जन में पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

प्रदेश भाजपा संगठन का चुनाव यूं तो भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का 17 जनवरी को तय होने के साथ पूरा हो गया है, लेकिन भाजपा के 478 मंडलों में से 63 मंडलों में चुनाव नहीं हो सके थे। अलग-अलग कारणों से चुनाव के लिए लटके मंडलों में से 50 और मंडलों में अध्यक्ष तय हो गए हैं, लेकिन एक दर्जन मंडलों में अब भी पेंच फंसा हुआ है। इन मंडलों के अभी अध्यक्ष बनाने की कवायद चल रही है। इसी के साथ जिन मंडलों के अध्यक्ष तय हो गए हैं, उनमें अब कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ हो गया है। इस माह के अंत तक हर हाल में सभी मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम भी पूरा करना है। भाजपा के प्रदेश संगठन में सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। भाजपा ने प्रदेश के 24 हजार से ज्यादा बूथों में तो चुनाव पूरा करा लिया लेकिन भाजपा के सभी मंडलों में अब तक चुनाव पूरे नहीं हो सके हैं। भाजपा के पहले 405 मंडल थे, चुनाव के पहले 73 नए मंडल भी बनाए गए। कुल मिलाकर 413 मंडलों का चुनाव हो सका और बाकी का चुनाव बच गया। कहीं पर पुराने मंडल अध्यक्ष को फिर से अध्यक्ष बनाना था, क्योंकि उनका एक साल का ही कार्यकाल हुआ था।

**अब चल रहा कार्यकारिणी बनाने का काम**



#### अब कार्यकारिणी की कवायद

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। पहले इसकी डेड लाइन दस मार्च रखी गई, इसके बाद इसको 20 मार्च किया गया। लेकिन पूरा मार्च निकलने के बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनी तो फिर अप्रैल में समय दिया गया। अप्रैल भी पूरा समाप्त होने के बाद इसके लिए मई में समय तय किया गया है। मई में भी दूसरा सप्ताह प्रारंभ हो गया है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी पूरी नहीं हो सकी है। जानकारों के मुताबिक मुश्किल से 30 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी ही बन सकी है। बचे 70 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी को इस माह पूरा करने की कोशिश है।

## हरिभूमि ने तीन दिन पहले इस गड़बड़ी को किया था उजागर

# खसरों से हटाए गए नाबालिग शब्द एनआईसी की गलती से हुई थी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खबर का असर**

छत्तीसगढ़ के कई जिलों के खसरा जमीन के मालिक अचानक बालिग से नाबालिग हो गए थे। इन खसरा खातों में निजी लोगों की जमीन के साथ शासकीय जमीनें भी शामिल थीं। प्रदेश के कई जिलों में एक साथ हुई इस बड़ी त्रुटि को हरिभूमि ने उजागर किया था। इस खबर के बाद राजस्व विभाग के अफसरों में हड़कंप भी मचा था, जिसके बाद आनन-फानन में सरकारी छुट्टी होने के बावजूद इस गड़बड़ी को दो दिन के भीतर सुधार लिया गया। सूत्रों के अनुसार यह गड़बड़ी एनआईसी सेंटर से ही हुई थी। भुईयां साफ्टवेयर को अपडेट करने के दौरान कई जिलों के खसरों के खातों में नाबालिग शब्द जुड़ गए थे, जिसे ठीक करने के लिए एनआईसी को भुईयां पोर्टल को रीसेट करना पड़ा। रिसेट करते ही सभी खसरा खाते पहले की स्थिति में आ गए और नाबालिग शब्द हट गए।

हरिभूमि ने 11 मई को खबर प्रकाशित की है, जिसमें प्रदेश के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा, गौरेला-पेंड्रा, भरतपुर, सक्ती सहित अन्य जिलों के अंतर्गत तहसील क्षेत्रों के सैकड़ों-हजारों खसरा खातों में जमीन के मालिक बालिग से नाबालिग हो गए थे। खसरा खातों में सभी मालिकों के नाम के नीचे नाबालिग शब्द अंकित हो गया था, जो पीडीएफ फाइल में भी शो कर रहा था।

#### मैनुअल रिकार्ड बहुत जरूरी

एनआईसी की लापरवाही से जिस तरह से ऑनलाइन रिकार्ड में बड़ी गड़बड़ी हुई है, इसे देखते हुए अब पटवारी राजस्व संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि राजस्व संबंधी सारे कार्य अब भुईंया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन हो रहे हैं। मैनुअल रिकार्ड नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर ऑनलाइन रिकार्ड में गड़बड़ी होती है, तो उसे मैनुअल रिकार्ड देखकर सुधारा जा सकता है, लेकिन अगर मैनुअल रिकार्ड ही नहीं होंगे, तो गड़बड़ी को सुधारने का दूसरा आप्शन एनआईसी के पास भी नहीं होगा, इसलिए राजस्व संबंधी कार्यों का मैनुअल रिकार्ड भी होना बहुत जरूरी है।




#### पंजीयन विभाग में सुविधा देने भुईयां को किया जा रहा अपडेट

शासन ने नामांतरण का अधिकार तहसीलदारों और पटवारियों से छीनकर पंजीयन विभाग को देने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के कुछ पंजीयन कार्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नामांतरण की सुविधा शुरू भी कर दी गई है। इस सुविधा के साथ रजिस्ट्री के समय तुरंत बटांकन भी हो जा रहे हैं। यह सुविधा प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय में शुरू होनी है। इसे लेकर भुईयां पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है, ताकि रजिस्ट्री के दौरान बटांकन और नामांतरण भी आसानी से हो जाए।

#### तीन साल पहले भी अपडेट के दौरान हो चुकी है बड़ी गड़बड़ी

भुईयां साफ्टवेयर को अपडेट किए जाने के दौरान वर्ष 2022 में भी इसी तरह एनआईसी से गड़बड़ी हुई थी। उस दौरान भी प्रदेशभर के सभी खसरा रकबों का एक ही नंबर 0139 हो गया था। इसके अलावा कई तहसील ग्रामों के नाम धोने की मशीन, बात करना हो गए थे, वहीं कईयों का रकबा घट गया था। इस गड़बड़ी को भी रीसेट करके ठीक किया गया था।

# नक्सल ऑपरेशन पर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और पुलिस के दावों में विरोधाभास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व सीएम भूपेश ने उठाए सवाल, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, बीजापुर में नक्सल ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं और तथ्यों के आधार पर जो सच सामने आ रहा है, उससे लगता है कि नक्सल ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ सरकार का कोई नियंत्रण नहीं बचा है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा पद पर बने रहने के काबिल नहीं हैं और उनको तत्काल इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। बीजापुर के घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े किए हैं, जिससे संदेह पैदा हो गया है।

उन्होंने कहा, 8 मई की रात में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया कि ऑपरेशन संकल्प में 22 नक्सली मार गिराए हैं। उसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने कह कि कोई ऑपरेशन संकल्प नहीं चल रहा है। पता चला कि बीजापुर जिला अस्पताल में 22 शव पोस्टमार्टम के लिए लाए गए। शव मोर्चुरी में सड़ने लगे तब पुलिस ने 12 मई को शाम को एक रिलीज जारी की। बीजापुर में पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन संकल्प में कुल 31 नक्सली मारे गए हैं। अब तक कुल 20 नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली गई है।

#### भूपेश ने किए सात सवाल

श्री बघेल ने सवाल किया कि क्या ऑपरेशन संकल्प चल रहा है?



अगर हां तो इसका क्या विवरण है? ऐसा कैसे हो सकता है कि पुलिस कोई ऑपरेशन चला रही है और गृहमंत्री को इसकी जानकारी नहीं है? कुल कितने शव बरामद किए गए? अगर 31 नक्सली मारे गए तो बीजापुर में 22 शव ही कैसे पहुंचे हैं? बाक़ी के शव कहां हैं? अगर सुरक्षा बलों को इतनी बड़ी सफलता मिली तो इसकी घोषणा करने में इतना समय क्यों लगा? जिनकी पहचान की गई उनके क्या-क्या नाम हैं? जिन शवों को पहचानकर हैंडओवर किया गया, जिनको हैंडओवर किया गया उनके क्या नाम हैं? और उनसे उनका क्या रिश्ता है? कितने शव को पहचानना अभी बाक़ी है?

# डीजीपी चयन के लिए यूपीएससी ने चार आईपीएस के नामों पर किया विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पैनल में पवन देव, अरुण देव, जीपी सिंह और हिमांशु गुप्ता के नाम शामिल
- यूपीएससी की बैठक में मुख्य सचिव हुए शामिल



छत्तीसगढ़ में पूर्णकालिक डीजीपी के लिए यूपीएससी में सलेक्शन कमेटी की बैठक मंगलवार को हुई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी शामिल हुए। डीजीपी के लिए चार आईपीएस अधिकारियों का नाम यूपीएससी को भेजा गया है, इनमें पवनदेव, अरुणदेव गौतम, जीपी सिंह और हिमांशु गुप्ता का नाम शामिल है। इनमें से ही कोई पूर्णकालिक डीजीपी बनेगा।

डीजीपी चयन का मामला पिछले छह महीने से मामला यूपीएससी में लटका हुआ था। इससे पहले एक बार डीपीसी हुई भी मगर जीपी सिंह की इंट्री के बाद फिर से कई तरह की जानकारियां यूपीएससी ने राज्य सरकार से मांगी। राज्य सरकार ने सरकार ने दिसंबर 2024 में डीजीपी सलेक्शन के लिए प्रस्ताव भेज दिया था। मगर अब यूपीएससी जल्द अब पेनल बनाकर भारत सरकार को भेज देगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राज्य सरकार ने तीन नामों को पैनल भेजा था, जीपी सिंह के बहाल होने के बाद उनका नाम लिस्ट में वरिष्ठता के आधार पर तीसरे नंबर में जोड़ा गया है।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH (Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
✦ Creative Classrooms & Play-Based Education
✦ Sports, Arts & Music for Holistic Growth
✦ Safe & Nurturing Environment
✦ Interactive Events & Competitions
✦ Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION ENQUIRY
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
Register Now at www.rpsraipur.com
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756

### राज्य सूचना आयुक्त के लिए इंटरव्यू 28 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त पद के लिए इंटरव्यू 28 मई को होगा। इंटरव्यू के लिए पात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए मिले आवेदनों के संबंध में मापदंड तय कर परीक्षण और अनुशंसा देने के लिए सर्च कमेटी का गठन किया गया है। एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ इस कमेटी के अध्यक्ष हैं। कमेटी की बैठक श्री पिंगुआ की अध्यक्षता में 9 मई को रखी गई थी।

# राहुल ने की पीसीसी अध्यक्ष बैज के कार्यों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पत्र में राहुल ने कहा न्याय की लिए लड़ाई निरंतर जारी रखें

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यों की सराहना करते हुए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखा है। उन्होंने पदयात्रा, बढ़ते अपराध के खिलाफ हुए आंदोलन और महिलाओं के खिलाफ हुए अत्याचार की लड़ाई की सराहना की है। पत्र में कहा है कि न्याय के लिए और जनता में उम्मीद जगाए रखने के लिए लड़ाई निरंतर जारी रखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ में न्याय यात्रा का आगाज किया। इसके तहत बलौदाबाजार से रायपुर तक पदयात्रा की थी। वहीं बढ़ते अपराध, महिलाओं के साथ अत्याचार को लेकर सड़क की लड़ाई के लिए अभियान चलाया था। उन्होंने हाल ही में इंद्रावती नदी को बचाने बस्तर में एक पद यात्रा कर इस मुद्दे की ओर सरकार का ध्यान खींचा। इंद्रावती बचाव अभियान की यह पदयात्रा जल-जंगल-जमीन के अधिकार के लिए थी। इंद्रावती नदी अब सरकार की उपेक्षा और बदइंतजामी के चलते पूरी तरह सूख चुकी है, जिसे बचाने के लिये बस्तरवासी पूरे तरीके से संघर्षरत हैं, लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने जब आंदोलन किया तब सरकार हरकत में आयी और शासन और प्रशासन ने पानी छोड़ने का काम किया।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
गारंटी
प्लास्टिक एवं फायबर कूलर की विशाल रेंज
शीतल कूलर का 75 नये मॉडल के साथ विशाल शो-रूम
रूम, डक एवं विन्डो कूलर अनेक साईज में उपलब्ध
Sunday Open
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

RAHUL SYNTHETICS
PREMIUM UNIFORMS
UNIFORM RANGE
School, Staff, Hostels, Corporates, Hospitals, Nursing Homes
Housekeeping, Field Staff, Workers, Workshops
All types of uniform, School, College & Security C.G. & Odisha
Shop No. 5, Mahalaxmi Cloth Market, Pandri, Raipur (C.G.)
Vinod Ahuja 9425513156 Rahul Ahuja 7879917006

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रूई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

Affl. to CBSE, New Delhi Affl. No. 3330020

GYAN GANGA EDUCATIONAL ACADEMY, RAIPUR · विद्यामृतं मश्नुते · Estd. 1992 · GYAN GANGA EDUCATIONAL ACADEMY

# Gyan Ganga Educational Academy

GLORIOUS PAST OF 33 YEARS... 33 Years

*A symbol of hard work, crowned with success, nothing less!*

## TOP PERFORMERS - CLASS X (SESSION : 2024-25)



NISHCHAY SEN 98% · ATHARV BANSAL 98% · JISHNU CHANDRAKAR 97% · SHREEANSH PANDA 97% · MANAV WASWANI 96% · MAULI AGRAWAL 96% · PARTH NISHAD 96% · HASTI PATEL 96%



DIVYANSHI SINGH 95% · SIDDHARTH GHOSH 95% · SHIVANG SHARMA 95% · RIYA SONDHIYA 95% · VANSH SHIVHARE 94% · PIYUSH RUPRELA 93% · SHIWANSH TIWARI 93% · AMANPREET KAUR HANSPAL 93%



CHARVI JAIN 93% · ANIMESH PADHI 92% · SAJALA SARKAR 92% · TITIKSHA MODI 92% · ARYAN PANDEY 92% · ABHIGYAN KUMAR SAHU 92% · SHREYA GUPTA 92% · HARSHITH PATIL 92%



TUSHYADEEP DEWANGAN 90% · VIKAS PATEL 90% · DUVVI NEEHAR 90% · APARNAA PANDEY 90% · MANVI SAHU 90% · SHUBHAM VERMA 90%

## TOP PERFORMERS - CLASS XII (SESSION : 2024-25)



ARYAN GIRI GOSWAMI Commerce 95% · HARSH KANT THAKUR Science 95% · ANANYA CHAUDHARY Science 94% · ADITYA JAISWAL Science 94% · KRISHNA PURI Science 92% · VEDIKA GARG Commerce 92% · MAANAVYA JAIN Science 91% · LAKSHYA JAISWAL Commerce 91%



ARPIT JAIN Commerce 91% · TEJAS AGRAWAL Commerce 91% · JIGISHA CHAUDA Science 91% · GUNGUN AGRAWAL Commerce 90% · ADVAY MAHAWAR Science 90% · MEGHA VERMA Commerce 90% · PRAGATI PATEL Commerce 90%

The Principal, Teachers & Staff of the Academy convey their choicest Blessings for their achievement.

*Sweet Success Spirit of Excellence*

To vibrate aspiration for quality, dedication and commitment to students & parents, our outstanding performance in Class X & XII during session 2024-25 repeats another synonymous benchmark "In The Cause Of Excellence In Education"

sumit

We congratulate our students, Parents and Teachers for the outstanding performance.

12th Km, Vidhan Sabha Marg, Nardaha. Raipur
Tel.: 0771-2284716, 2284816

www.gyangangaraipur.org
gyangangaraipur@yahoo.co.in

## खबर संक्षेप

### चैंबर अध्यक्ष से की मुलाकात



**रायपुर।** डूमरतराइ व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल और अनाज मंडी के व्यापारियों ने मंगलवार को चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ व्यापारिक समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। बांबे मार्केट स्थित चैंबर कार्यालय में डूमतराई व्यापारी संघ और अनाज मंडी के व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात की।

### शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने टैगलाइन और मैस्कॉट प्रतियोगिता



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के लिए स्वच्छता टैगलाइन और मैस्कॉट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को महात्मा गांधी सदन में प्रतियोगिता के डिजिटल पोस्टर का विमोचन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने 31 मई तक प्रविष्टियां भेजी जा सकती हैं। स्वच्छता को प्रोत्साहित करने नगर निगम की ओर से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक, संगठन विस्तार पर चर्चा



**रायपुर।** सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ की राजधानी में बैठक आयोजित हुई। जिसमें एक नाम, एक आवाज, एक समाज की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए जोर दिया गया। बैठक के संबंध में समाज के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने बताया कि सामाजिक गतिविधि के लिए संगठन विस्तार के साथ नए लोगों की नियुक्ति किए जाने बैठक आहूत की गई। साथ ही आगामी दिनों में एक भव्य आयोजन प्रदेश स्तरीय किया जाना है इसके लिए चर्चा कर योजना बनायी गयी।

### मरीन ड्राइव तेलीबांधा से आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**रायपुर।** भारतीय सेना द्वारा आतंकियों पर कड़ा प्रहार करने पर सेना पराक्रम को नमन करने और जवानों का हौसला बढ़ाने 14 मई को तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने व्यापारियों से तिरंगा यात्रा में शामिल होने अपील की है। राजधानी के तेलीबांधा मरीन ड्राइव से 14 मई को शाम 4 बजे तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी और सदस्य भी शामिल होंगे। इसके लिए चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने सभी व्यापारियों से इस यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। इस तिरंगा यात्रा को आपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा का नाम दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ की पहचान बनेगा नया विधानसभा भवन, सितंबर तक निर्माण हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 51 एकड़ भूमि पर छत्तीसगढ़ की नवीन विधानसभा का निर्माण तीव्र गति से जारी है। अब तक 95 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में हुई उच्चस्तरीय बैठक में निर्माण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और इसे सितंबर 2025 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह भवन छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बनेगा। इसकी भव्यता और कार्यक्षमता नई पीढ़ी को प्रेरित करेगी। नवीन विधानसभा भवन के निर्माण कार्यों को तीन प्रमुख विंग में विभाजित किया गया है, विधानसभा सचिवालय, विधानसभा सदन और सेंट्रल हॉल परिसर। इनमें दर्शक दीर्घा, मीडिया दीर्घा, सभागृह कक्ष, पुस्तकालय, विद्युतीकरण, वातानुकूलन, डामरीकरण, उद्यानिकी, जल एवं विद्युत आपूर्ति, आंतरिक साज-सज्जा और फिक्स्ड फर्नीचर का कार्य तीव्र गति से जारी है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

### लोकसंस्कृति पर आधारित संग्रहालय भी होगा शामिल

संस्कृति विभाग द्वारा परिसर में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति को समर्पित संग्रहालय का निर्माण भी किया जाएगा, जो राज्य की सांस्कृतिक विविधता और धरोहर को प्रदर्शित करेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, मुकेश बंसल, डॉ. बसवराजू एस., विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### सुरक्षा और ऊर्जा संरक्षण का समावेश

विधानसभा परिसर में फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो प्रणाली, 300 किलोवॉट सोलर पैनल और 500 सीटर ऑडिटोरियम की स्थापना की जा रही है, जिससे यह परिसर पर्यावरणीय दृष्टि से भी आदर्श उदाहरण बने।

### हर विभाग की जिम्मेदारी तय समन्वय से बनेगा आदर्श परिसर

बैठक में लोक निर्माण विभाग, उद्यानिकी, संस्कृति विभाग और चिप्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। सभी विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया ऐलान- पीएम आवास को लेकर छत्तीसगढ़ की हरसंभव मदद

# पीएम आवास के तहत हर हितग्राही को मिलेगा मकान किसानों की भी आय बढ़ाने पर किया जाएगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, छत्तीसगढ़ के किसानों को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करेंगे। पीएम आवास पर उन्होंने कहा, वो सरगुजा के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ आए हैं। जहां वो पीएम आवास के हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपेंगे। साथ ही नए पीएम आवास बनाने को लेकर कई घोषणाएं करेंगे। उन्होंने पीएम आवास के पिछली सरकार के बचे हुए कामों को भी पूरा करने के लिए सीएम विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। श्री चौहान ने कहा, जनमन योजना के तहत अति पिछड़े वर्ग को भी मकान का लाभ दिया जा रहा है।

रायपुर के मंत्रालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवराज सिंह चौहान ने कहा, नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने के बाद उन्हें भी पीएम आवास के तहत मकान दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में इसके लिए सरकार अलग से अभियान चला रही है। अभियान में केंद्र भी प्रदेश सरकार के साथ है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को भी पीएम आवास के तहत मकान दिया जाएगा। श्री चौहान ने कहा, केंद्र ने नक्सली हिंसा के पीड़ितों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए 15,000 मकान भी स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा, नया सर्वेक्षण किया जा रहा है और पिछली सूची में शामिल नहीं होने वालों को भौतिक सत्यापन के बाद आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

### 'जशप्योर' ब्रांड के उत्पादों की शिवराज ने की सराहना

*केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और स्वावलंबन की भावना से ओतप्रोत 'जशप्योर' ब्रांड के उत्पादों की सराहना की। उन्होंने 'जशप्योर' के उत्पादों की सराहना करते हुए कहा, यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।*



*'जशप्योर' न केवल एक ब्रांड है, यह छत्तीसगढ़ी माटी की महक, आदिवासी बहनों की मेहनत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का प्रतीक बन चुका है।*

### तीन लाख से अधिक मकानों का आवंटन पत्र सौंपूंगा

विधानसभा चुनावों के दौरान पीएम मोदी ने लोगों को घर देने का वादा किया था। पिछले साल लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ के लिए 8.47 लाख मकान स्वीकृत किए गए थे। बाद में 3.03 लाख और मकान स्वीकृत किए गए। उन्होंने कहा, आवास प्लस 2018 की सर्वेक्षण सूची के अनुसार केवल 3,00,768 लाभार्थियों को मकान मिलना बाकी है और आज मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को इन शेष मकानों के लिए आवंटन पत्र सौंपूंगा।

### मनरेगा की राशि में होगा इजाफा

शिवराज सिंह ने कहा, पीएम आवास के लिए मनरेगा के तहत जारी की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी की जाएगी। अभी ये राशि 3555 करोड़ रुपए हैं। जिसमें पीएम आवास बनाने के दौरान मनरेगा के तहत राशि दी जाती है। लेबर बजट को आगे रिवाइस किया जाएगा।

### नक्सलगढ़ में भी बिछ रहा सड़कों का जाल

छत्तीसगढ़ में अब सड़कों का जाल बिछा है. 42471 किलोमीटर की सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से बनाई गई है। 472 नए पुल बनाए गए हैं। योजना के तहत नई सड़कें भी बनीं हैं। प्रदेश में 715 सड़कें 1192 करोड़ की राशि से बनीं हैं।

### किसानों की आय बढ़ाना है लक्ष्य

नए वैज्ञानिक अनुसंधान सीधे किसानों के पास पहुंच सकें, इस दिशा में काम किए जा रहे हैं। किसानों को अलग-अलग श्रेणियों में खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आय यदि बढ़ाना है, तो अलग-अलग खेती करनी होगी। फलों की खेती, फूल और दूसरे किस्म की सब्जियों की खेती करनी होगी।

### शिवराज ने कहा- विपक्ष पीएम मोदी का विरोध करते-करते सेना और देश के खिलाफ ना जाए

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लांच किया। ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में स्थित आतंकियों पर कार्रवाई की। आतंकी अड्डों को तबाह किया। उसके बाद दोनों देश के बीच सीजफायर हो गया। सीजफायर को लेकर देश में राजनीति चरम पर चल रही है। कांग्रेस मोदी सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है। इस बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बड़ा बयान दिया है।*

# ग्राम पलौद के समाधान शिविर में 22 मांग व 3 शिकायतों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सुषासन तिहार के तहत मंगलवार को अभनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पलौद में समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में 131 आवेदनों में मौके पर ही 22 मांग और 3 शिकायतों का निराकरण किया गया। शिविर में क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर गौरव सिंह, एसएसपी लाल उमेद सिंह, अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, जिला सदस्य यशवंत साहू, सरपंच सुषमा मणीराम सहित अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस शिविर में मनरेगा से 4 जॉबकार्ड, 22 राशनकार्ड, समाजकल्याण विभाग द्वारा 2 ट्रायसायकल, 5 छड़ी, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत 4 डेमो चेक, श्रम विभाग द्वारा 7 श्रमिकों को श्रमकार्ड, एसबीआई फाउंडेशन जीवन टीबी केयर परियोजना स्कूल एनजीओ रायपुर की ओर से टीबी मरोजो को निःशुल्क 4 फूड पैकेट, कृषि विभाग द्वारा 1 कृषक को धान बीज तथा 4 कृषक को क्रेडिट कार्ड, 50 प्रतिशत अनुदान पर 2 कृषकों को नेपसेक स्केयर तथा मत्स्य विभाग द्वारा 2 लोगों को महाजाल, उद्यान विभाग द्वारा 10 कृषकों को सब्जी, बीज, सब्जी मिनिकीट का वितरण किया गया। शिविर में गोदभराई, अन्नप्रसान की रस्म भी की गई।

### सुशासन तिहार शिविर में पानी का प्रेशर कम आने, बोरवेल सूखने की शिकायत, मौके पर बनाकर दिये श्रम पंजीयन और राशन कार्ड



राजधानी के शंकरनगर इलाके के सिंधु भवन में मंगलवार को नगर निगम जोन 3 के 7 वार्डों के लिए सुशासन तिहार शिविर लगाया गया। शिविर में गुरु गोविंद सिंह वार्ड के लोगों में नलों में पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत की। भुक्तभोगियों का कहना है, बोरवेल सूखने से उन्हें पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के रेलवे पटरी किनारे बसी बस्ती में पानी के लो प्रेशर से त्रस्त लोगों ने शिविर में खुलकर अपनी बात रखी। 1920 आवेदनों में से 1667 आवेदन मांग से संबंधित और 253 शिकायतें आम जनता से प्राप्त हुईं, जिसका मौके पर समाधान किया गया।

# राजधानी में आज तिरंगा यात्रा, सीएम भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय सेना के सम्मान में राजधानी रायपुर में सर्व समाज द्वारा बुधवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। इसमें सभी समाज के साधु, संतों के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुसाय साय, रायपुर शहर के सांसद, सभी विधायक और भाजपा नेता भी शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा तेलीबांधा तालाब से शाम को चार बजे प्रारंभ होगी। इसका समापन घड़ी चौक पर होगा। आपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला करने के साथ ही पाकिस्तान के हमलों का जिस तरह से करारा जवाब दिया है, उसके बाद से पूरे देश में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। रायपुर में सर्व समाज ने तिरंगा यात्रा निकालने का फैसला किया है। इस यात्रा में भाजपा के भी सभी नेता शामिल हो रहे हैं। मुख्य रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर शहर के विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू के साथ अन्य भाजपा नेता प्रदेश और शहर जिला भाजपा के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस यात्रा में भारी संख्या में सर्व समाज के लोग जुटेंगे। इसमें हर समाज के प्रमुख समाजिक नेता, साधु, संत भी शामल होंगे।



# बाबुओं की सुस्ती, पांच माह से अटका पीजी डाक्टरों का स्टाइपेंड डीएमई तक पहुंची शिकायत

**रायपुर।** एडमिशन होने के बाद पढ़ाई के साथ अस्पतालों में ड्यूटी करने वाले पीजी डाक्टरों का स्टाइपेंड पांच माह से अटका हुआ है। इसकी वजह मेडिकल कालेजों के विभागीय बाबुओं की सुस्ती को बताया गया है। लंबा समय बीतने के बाद भी विभागवार पीजी चिकित्सकों की सूची तैयार नहीं हो पाई है, जिसके आधार पर उन्हें शिष्यवृति का भुगतान होता है। मामले की शिकायत चिकित्सा शिक्षा संचालक से की गई है, जिसमें तर्क दिया गया है कि स्टाइपेंड नहीं मिलने के वजह से पीजी डाक्टरों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्हें यह भी बताया गया है कि स्टाइपेंड के भुगतान में लेट लतीफी हर साल की समस्या है। सूत्रों का कहना है कि काउंसिलिंग के दौरान पीजी की सीटों पर प्रवेश लेने की प्रक्रिया काफी समय तक चलती है। इसके बाद मेडिकल कालेजों के विभागीय क्लर्क इन चिकित्सकों विभागवार सूची तैयार करते हैं और इस आधार पर स्टाइपेंड वितरण करने का काम शुरू किया जाता है। विभागीय स्तर पर काम इतनी ढीला होता है कि शिष्यवृति मिलने तक काफी समय बीत जाता है। पीजी डाक्टरों का कहना है कि दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए उन्हें जो वक्त दिया जाता है, उसमें या तो उनकी क्लास होती है या फिर अस्पताल में उन्हें ड्यूटी होती है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह सहित रायपुर समेत अन्य मेडिकल कालेज के पीजी डाक्टरों ने डीएमई से हस्तक्षेप कर स्टाइपेंड की शुरुआत करने का निवेदन किया है।

- आर्थिक संकट और हर साल यही समस्या होने का तर्क भी




## बिजनेस साइट

### अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर केयर हॉस्पिटल्स ने नर्सों के समर्पण को किया सलाम



**रायपुर।** केयर हॉस्पिटल्स ग्रुप ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर अपने नेटवर्क के सभी अस्पतालों में एक सप्ताह तक चलने वाले भव्य समारोह और सामाजिक पहल के माध्यम से नर्सिंग स्टाफ के अमूल्य योगदान को सम्मानित किया। इस वर्ष की थीम 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, देखभाल की आर्थिक शक्ति' को ध्यान में रखते हुए केयर हॉस्पिटल्स में कई गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें प्रेरणादायक सत्र, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कौशल विकास कार्यशालाएं, नर्सों को सम्मानित करने के कार्यक्रम और स्वास्थ्य कल्याण से जुड़ी पहल शामिल थीं। इस अवसर पर केयर हॉस्पिटल्स के चिकित्सा प्रमुख डॉ. निखिल माथुर ने कहा कि नर्स हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। उनकी नैदानिक विशेषज्ञता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और अथक समर्पण हर दिन सुरक्षित और प्रभावी देखभाल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

